



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 82/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in



## रैपिडएक्स ट्रेन का उद्घाटन देश के लिए ऐतिहासिक क्षण: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन किया। पीएम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक ट्रेन को चलाया जाएगा।

पीएम मोदी जनसभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। आज देश में पहली रैपिडएक्स ट्रेन शुरू हुई है। जिसका शिलान्यास हम करते हैं उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है।

पीएम मोदी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदे भारत ने हमें नए भारत की झलक दिखाई। आज देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य नए बुनियादी ढांचे का गवाह बन रहा है। यह डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि आज यूपी के पांच शहरों में मेट्रो रेल सेवाएं हैं। जनवरी में मेट्रो रेल आगरा में भी सेवाएं शुरू होंगी। वाराणसी में भी रोपवे सेवा का निर्माण कार्य चल रहा है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## कांग्रेस की बेरुखी से सपा प्रमुख नाराज

### मप्र विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलने पर कांग्रेस से अखिलेश नाराज, बोले- हम भी उप्र में ऐसा ही व्यवहार करेंगे

2024 के लोकसभा चुनाव अभी दूर है। इससे पहले होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में दरार नजर आने लग गई है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा एक भी सीट नहीं दिए जाने से समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव नाराज हो गए हैं। अखिलेश ने गुरुवार (19 अक्टूबर) को संकेत दिया है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा सकता है। उन्होंने तीखे लहजे में कहा, कांग्रेस नेतृत्व को अपने 'छोटे नेताओं% को उनकी पार्टी के बारे में टिप्पणी करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उनकी इस टिप्पणी से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया% में दरार साफ दिखने लगी है। ऐसे में राजनीति गलियारों में चर्चा है कि अखिलेश इसको लेकर मोर्चा खोल सकते हैं।



### ... तो मैं कांग्रेस की बैठक के लिए फोन नहीं उठाता

सपा प्रमुख यादव ने कहा, यदि उन्हें पता होता कि 'इंडिया% गठबंधन बस राष्ट्रीय स्तर के लिए है तो उनकी पार्टी के नेताओं ने मध्य प्रदेश की बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस का फोन नहीं उठाया होता। सीतापुर में उन्होंने कटाक्ष भरे स्वर में कहा, 'मैं भ्रमित हो गया था'। यादव ने कहा कि यदि यह गठबंधन केवल संसदीय चुनाव के लिए है तो उनकी पार्टी इसे स्वीकार करती है, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि जब 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी तो कांग्रेस के लिए मुश्किल होगी।

### उत्तर प्रदेश में गठबंधन केवल केंद्र के लिए होगा?

अखिलेश यादव ने कहा, यदि उत्तर प्रदेश में गठबंधन केवल केंद्र के लिए होगा तो इस पर उस वक्त चर्चा की जाएगी और जिस तरह समाजवादी पार्टी के साथ बर्ताव किया गया, यहां उन्हें भी वैसा ही बर्ताव नजर आयेगा। उन्होंने आगामी मध्य प्रदेश चुनाव के बारे में उन्होंने कहा, यदि मुझे पहले दिन पता होता कि विधानसभा स्तर पर कोई गठजोड़ नहीं होगा तो हमारी पार्टी के नेता बैठकों में नहीं जाते। हमने उन्हें सूची नहीं दी होती (कि सपा मध्य प्रदेश में किन-किन और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है), और न ही हम उनका फोन उठाते।

### सपा ने मप्र की 31 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

समाजवादी पार्टी ने बुधवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने 22 और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। पार्टी अब तक कुल 31 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। जब उनसे पूछा गया कि सपा ने ऐसा क्यों किया तब यादव ने कहा, यदि प्रदेश स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है तो हम इसे स्वीकार करते हैं और अपनी पार्टी के उम्मीदवार घोषित करते हैं। इसमें हमने क्या गलत किया है?

### कांग्रेस 6 सीट देने वाली थी, लेकिन एक भी नहीं दी


सपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के साथ रात एक बजे तक चली बैठक के दौरान सपा नेताओं ने मध्य प्रदेश के पिछले चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन से संबंधित ब्योरा उन्हें सौंपा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं ने कहा था कि वे उस राज्य में सीटों के बंटवारे के समझौते के तहत सपा के लिए छह सीट देने पर विचार कर रहे हैं लेकिन उन्होंने एक भी सीट नहीं दी। मध्य प्रदेश में 2018 के विधानसभा चुनाव में सपा ने एक सीट जीती थी और वह पांच सीटों पर दूसरे नंबर पर रही। उसने आदिवासी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन किया था और 1.30 प्रतिशत वोट हासिल किया था।

## घमंडिया गठबंधन की हालत-दिल्ली में दोस्ती, राज्यों में कुश्ती: चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि घमंडिया गठबंधन की हालत - दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती कर रहे है। ये घमंडिया गठबंधन है इनमें न लोगों के विचार एक हैं और न ही दिल एक है। केवल मोदी जी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था जो बनने से पहले ही टूट रहा है। इस इंडी गठबंधन ने मध्यप्रदेश में रैली तय की थी उसे कमलनाथ ने कैन्सल करवा दी और घुसने से भी मना कर दिया।

### इंडी गठबंधन के घमंडिया लोग पूरी तरह बिखर गए

श्री चौहान ने कहा कि जिस दिन से यह गठबंधन बना है यह अजीब गठबंधन है दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती ऐसा कहीं होता है क्या? जिस तरह का बयान सपा नेता अखिलेश यादव का आया है, उससे यह साफ़ हो चुका है कि इंडी गठबंधन बनने से पहले ही टूट गया है। इसका कोई भविष्य ही नहीं है ये घमंडिया लोग पूरी तरह बिखर गए है।



### गठबंधन में ऐसे नजारे सामने आ रहे हैं कि लोग देख कर आश्वर्य हैं


श्री चौहान ने कहा कि अभी-अभी जो कल अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने उन्हें और सपा को एक साल तक धोखे में रखा बातें करते रहे और बाद में धोखा दे दिया। उनके कार्यकर्ता रातभर जागे, उन्हें बैठाया और उन्होंने चिरकुट जैसे जिन शब्दों का प्रयोग किया है इससे अखिलेश यादव के मन की स्तिथि समझी जा सकती है कि कांग्रेस ने उन्हें कितना धोखा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आपस में भी धोखा दे रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस लड़ रही है, सपा लड़ रही है, आप भी बाहें चढ़ाकर सामने खड़ी है ये आपस में लड़ रहे है ये काहे का गठबंधन है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य के साथ जनता इस गठबंधन को देख रही है कि जब आज ही इस गठबंधन की यह स्थिति है, ये आपस में लड़ रहे हैं तो इनके हाथों में देश और प्रदेश का भविष्य कैसे होगा।

### कुछ टिकट दिग्विजय सिंह- कुछ कमलनाथ के बाकी मलते रह गए हाथ

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस की भी कल सूची जारी हुई है, कुछ टिकट कमलनाथ जी तो कुछ टिकट दिग्विजय सिंह जी ले गए। बाकी कांग्रेस के नेता हाथ मलते रह गए। कांग्रेस में अब आपस में ही लड़ाई मची हुई है। विरोध हो रहा है, पुतले जल रहे हैं। एक अपने पुत्र को स्थापित कर रहा है तो दूसरा अपने पुत्र को स्थापित कर रहा है।

## मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लागानी चाहिए: शक्तिकांत दास

**मुम्बई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने वाली होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके ऐसा होने से ही जुलाई में 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर से मुद्रास्फीति में गिरावट सुचारू रूप से जारी रही।



अपने संबोधन में, गवर्नर दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली बहुमुखी चुनौतियों पर ॥द्मद्ध चर्चा की और इन जटिलताओं के बीच नीति निर्माण में आवश्यक जटिल संतुलन पर जोर दिया। 'कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मूल्य स्थिरता तथा वित्तीय स्थिरता एक-दूसरे के पूरक हैं और आरबीआई ने दोनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने का प्रयास किया है।

सब्जियों तथा ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण सितंबर में सालाना आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति घटकर तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में 6.83 प्रतिशत और सितंबर 2022 में 7.41 प्रतिशत थी। जुलाई में मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी में नीतिगत दर में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इससे पहले, पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। गवर्नर ने कहा, '' हमने नीतिगत दर पर रोक बरकरार रखी है। अब तक 2.50 प्रतिशत की वृद्धि वित्तीय प्रणाली के जरिए अब भी काम कर रही है...।''

## दर्शन हीरानंदानी के आरोपों पर महुआ मोइत्रा का पलटवार, हर दावे का दिया जवाब

**नई दिल्ली।** रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने दर्शन हीरानंदानी के आरोपों के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में महुआ मोइत्रा ने कई बड़े दावे किए हैं और पीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महुआ मोइत्रा ने लिखा कि तीन दिन पहले हीरानंदानी ग्रुप ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था। अब एक हलफनामा मीडिया में लीक हो रहा है, जो किसी लेटरहेड पर नहीं है और ये भी नहीं पता है कि यह कहां से लीक हुआ है। जिसे लेकर कुछ गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

महुआ मोइत्रा ने प्रेस विज्ञप्ति में पूछा कि सीबीआई और संसद की नैतिक समिति ने या फिर किसी भी जांच एजेंसी ने अभी तक दर्शन हीरानंदानी को समन नहीं भेजा है। ऐसे में उन्होंने ये हलफनामा किसे दिया?

हलफनामा एक सफेद पेपर पर है ना कि किसी लेटरहेड पर या फिर नोटरी पर। देश का सबसे इज्जतदार और पढ़ा-लिखा बिजनेसमैन एक सफेद पेपर पर हस्ताक्षर क्यों करेगा अगर उसके सिर पर किसी ना बंदूक ना रखी हो तो? विज्ञप्ति के अनुसार, पत्र में जो लिखा गया है, वह एक मजाक है। यह साफ है कि इसे पीएमओ में किसी के द्वारा लिखा गया है। मेरे कथित भ्रष्टाचार में हर विरोधी का नाम है। शार्दुल श्रॉफ, सिरिल श्रॉफ का भाई है और दोनों का बिजनेस के बंटवारे को लेकर झगड़ा है। सिरिल श्रॉफ, गौतम अदाणी का समधी है। राहुल गांधी और शशि थरूर दोनों लगातार सरकार पर निशाना साधते रहते हैं। सुचेता दलाल एक खोजी पत्रकार हैं और वह भी सरकार को हमेशा कटघरे में खड़ा करती रहती हैं। साफ है कि किसी ने कहा होगा कि %सब का नाम घुसा दो, ऐसा मौका फिर नहीं आएगा।

## मध्य प्रदेश में चालीस लाख युवा बेरोज़गार और कर्ज़ा बढ़ गया अपरंपार: सुप्रिया श्रीनेत

**भोपाल।** कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के 18 सालों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में प्रदेश अर्थव्यवस्था खस्ताहाल हुई है, चालीस लाख युवा बेरोज़गार हैं और महँगाई से लोगों को बुरा हाल है। इस बीच प्रदेश पर कर्ज़ा अपरंपार बढ़ गया है।



पीसीसी में एक संवाददता सम्मेलन में सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आज की तारीख़ में राज्य सरकार के ऊपर क़रीब 4 लाख करोड़ का कर्ज़ा है, क़रीब 20 हज़ार करोड़ से ज़्यादा तो ब्याज चुकाती है शिवराज जी की सरकार। मोटे तौर पर इस समय मध्यप्रदेश के प्रति व्यक्ति पर 40 हजार रुपए से ज़्यादा का कर्ज़ा है. एक लाख करोड़ का कर्ज़ा तो पिछले दो सालों में ले लिया गया, जिसके चलते 5 साल में कर्ज़ा भी आपके ऊपर दोगुना हो गया। क़र्ज़ बढ़ता गया और आमदनी जस की तस रही। उन्होंने कहा कि अरे क़र्ज़ लिया था तो निवेश करते, रोज़गार बनाते, पर आमदनी बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया. जिसके चलते सरकार का घाटा मतलब आमदनी और ख़र्चे के बीच का जो अंतर होता है वो तीन साल में तिगुना बढ़कर 54,000 करोड़ पहुँच गया है। कर्ज़ में डूबी हुई सरकार रोज़गार और न तो नहीं सोचती, लेकिन भ्रष्टाचार बेलगाम है, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां घोटाले नहीं हुए हों।

सुप्रिया ने कहा, एक तरफ़ आपको कर्ज़ में डुबोया गया है, दूसरी तरफ़ आप बेरोज़गार हैं। कितनी विडंबना है कि राज्य के 2 करोड़ युवाओं के भविष्य की कोई बाद ही नहीं कर रहा। 40,00,000 से ज़्यादा बेरोज़गार रजिस्टर्ड थे जिनमें से मात्र 21 लोगों को नौकरी मिली। अब आगे सुनिए, हर नौकरी पर सरकार का खर्च क़रीब 80 लाख रुपये था क्योंकि तमाम शहरों में एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज खोले गए थे जिन पर क़रीब 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यहाँ पर निवेश हो नहीं रहा, घोटालों और शिथिलता के चलते सरकारी नौकरी भरी नहीं जा रहीं और प्राइवेट क्षेत्र पैसा लगाने को तैयार नहीं है। आखिर 18 साल में

- **18 सालों से प्रदेश अर्थव्यवस्था खस्ताहाल, बेरोज़गारी और महँगाई से लोगों को बुरा हाल**

यहाँ कोई बड़ी इंडस्ट्री, कोई बड़ी फैक्ट्री, कोई बड़ा उद्योग घराना निवेश क्यों नहीं कर रहा है?

एक तरफ़ निवेश नहीं हो रहा है तो नौकरियां नहीं बन रही है दूसरी तरफ़ शिक्षा का बुरा हाल है. भर्ती घोटालों की वजह से स्टूडेंट सुसाइड के मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। मध्यप्रदेश में 15-49 वर्ष की आयु में, 1 तिहाई से कम लड़कियों की 10 साल से ज़्यादा स्कूली शिक्षा हुई है। इसलिए कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने पर हम 1-8 कक्षा तक के छात्रों को 500 रुपये प्रति महीना, 9-10 कक्षा के छात्रों को 1000 रुपया और 11-12 कक्षा के छात्रों को 1500 रुपये प्रति महीना देंगे। क़र्ज़े के बोझ के तले दबे लोग, बेरोज़गारी और महंगाई से जूझ रहे हैं।

## धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे हार्दिक

### इंग्लैंड से मैच के लिए लखनऊ में टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में 22 अक्तूबर को होने वाले भारत के अगले मैच से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसको लेकर अपडेट जारी कर दिया है।



बीसीसीआई ने हार्दिक का हेल्थ अपडेट देते हुए बताया- टीम इंडिया के उप-कप्तान हार्दिक पांड्या को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच के दौरान अपनी ही गेंदबाजी पर फील्डिंग करते समय बाएं टखने में चोट लग गई।

बीसीसीआई ने बताया- ऑलराउंडर को स्कैन के लिए ले जाया गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की लगातार निगरानी में रहेंगे। वह 20 अक्तूबर को टीम के साथ धर्मशाला के लिए उड़ान नहीं भरेंगे और अब सीधे लखनऊ में टीम से जुड़ेंगे जहां भारत इंग्लैंड से खेलेगा।

## पाकिस्तान से संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में एक गिरफ्तार

**जम्मू।** पाकिस्तान के साथ संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने विशेष कार्य बल (एसओजी) के साथ गुरुवार को कठुआ के एक व्यक्ति को सांबा के एक गांव से गिरफ्तार किया है। फिलहाल उससे लखनपुर थाने में पूछताछ की जा रही है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि कठुआ के चक देवियां, केड़िया निवासी रुकमदीन काफी समय से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि रुकमदीन ने कुछ समय पहले गोपनीय दस्तावेज व कुछ मोबाइल सिम सीमा पार बैठे संदिग्धों को सौंपे थे। इन सिम को वहां चालू कर खुफियां जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया।

## इजराइली हमले में गाजा का 900 साल पुराना चर्च तबाह

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास की जंग का आज 14वां दिन है। इजराइल लगातार गाजा पर एयरस्ट्राइक कर रहा है। इस दौरान इजराइल ने गाजा में मौजूद सबसे पुरानी ग्रीक ऑर्थोडॉक्स सेंट पोर्फिरियस चर्च पर हमला किया है। इसमें अब तक करीब 8 लोग घायल हो गए हैं।

वहीं कई शव अब भी मलबे में फंसे हुए हैं, जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। गाजा का ये चर्च करीब 900 साल पुराना था। इसे 1150 के दशक में बनाए गया था। जंग के बीच में इस चर्च के अंदर कई मुस्लिमों और ईसाइयों ने पनाह ले रखी थी। दोनों ही ओर से जारी हमलों में अब तक 5000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस्राइल में हमास के हमले में मरने वालों की संख्या 1400 से ज्यादा है। उधर गाजा पट्टी में हुई बमबारी में 3500 की मौत हो चुकी है।

इस्राइल वायु सेना (आईएएफ) ने हमास आतंकवादी समूह के सैकड़ों परिचालन ठिकानों पर हमला बोल दिया है। इस दौरान गाजा पट्टी में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। वायु सेना ने बताया कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठनों के 100 से अधिक परिचालन ठिकानों पर हमला किया। गाजा पट्टी में जानलेवा हमलों में शामिल एक आतंकवादी को मार गिराया गया।





वायु सेना के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान इस्राइली लड़ाकू विमानों ने सुरंग शाफ्ट, युद्ध सामग्री गोदामों और दर्जनों परिचालन मुख्यालयों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। इससे पहले जबलिया में एक मस्जिद में स्थित आतंकवादी बुनियादी ढांचे और हथियारों को भी नष्ट कर दिया गया था। इस जगह का इस्तेमाल आतंकवादियों के लिए एक सभा स्थल के रूप में किया गया था।

### रूस ने 27 टन मदद भेजी

रूस के विदेश मंत्रालय ने गाजा पट्टी में नागरिकों के लिए मिस्र से 27 टन मानवीय सहायता भेजी है। रूस ने कहा इस मदद में खासतौर पर खाद्य आपूर्ति आटा, चीनी, चावल और पास्ता शामिल है। मिस्र का रेड क्रिसेंट सहायता का वितरण सुनिश्चित करेगा।

### गाजा के लोगों के कष्ट कम कर सकता है इस्राइल : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी इस्राइल यात्रा के बाद कहा कि इस्राइल पीड़ित है लेकिन उसे गाजा में लोगों के कष्ट दूर करने का मौका तलाशना चाहिए।

फार्म हाउस के मालिक बनें
मात्र 51000/- की
बुकिंग राशि में
हमारे पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट
DREAMLAND FARM
कोलार रोड़ में बुक करें और
तुरंत पजेशन प्राप्त करें।
ऑफर मात्र नवरात्रि तक
सम्पर्क -7470487994

# श्रद्धा से मनाई अमर शहीद बीरबल ढालिया की 105वीं जयंती



**भोपाल।** अमर शहीद बीरबल ढालिया की जयंती श्रद्धा से मनाई गई। इस अवसर पर जनकल्याण परिषद अध्यक्ष अशोक सांकले ने 1 जुलाई 1946 को स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर 24 वर्ष की अल्पायु में शहीद हुए। भारत माता के सपूत, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जीनगर समाज के गौरव अमर शहीद बीरबल ढालिया को याद किया गया। जीनगर ज्योति राष्ट्रीय मंच और शहीद बीरबल ढालिया जन कल्याण परिषद के भगवानदास ढालिया ने दीप प्रज्ज्वलित

कर बीरबल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जन गण मन हुआ। तत्पश्चात रमेश निर्वाण, ओमप्रकाश बोराना, पृथ्वीराज चौहान आदि ने भी बीरबल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर धीरज निर्वाण, प्रेम पवार, देवेंद्र चौहान, गोवर्धन परिहार, बंटू चौहान,मयंक निर्वाण, पूर्व पार्षद पवन बोराना, रामरतन सोनगरा, राजकुमार सांखला, गणेश बोराना, आर एस पवार, गोपाल डाबी, प्रकाश डाबी, सुरेश पवार, राहुल बोरवाल, राकेश चायल, राम सिसोदिया, नीरज पवार, विकास चौहान, हरीश सोनगरा, अकबर भाई आदि उपस्थित थे।

# रामेश्वर शर्मा का सघन जनसंपर्क जारी, 6 दर्जन से अधिक स्थानों पर पहुंचे



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हुजूर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का सघन जनसम्पर्क लगातार जारी है। विधायक रामेश्वर शर्मा ताबड़तोड़ तरीके से रोजाना हजारों लोगों से मिलकर आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। बुधवार को कोलार के वार्ड 80 और 81 में 76 स्थानों पर जनसंपर्क कर हजारों लोगों से भेंट करने के बाद गुरुवार को उन्होंने कोलार के ही वार्ड 82 और 83 में जनसंपर्क किया। यह जनसंपर्क वार्ड 83 के फाइन फेस 1,2,3 से शुरू होकर बांसखेड़ी, सनखेड़ी, अब्बास नगर, ओम नगर, गिरधर परिसर होते हुए वार्ड 82 स्थित विशाल मेगामार्ट पर पूरा हुआ। इस दौरान रामेश्वर शर्मा के साथ बड़ी संख्या में जनता, कार्यकर्ता व पदाधिकारी साथ रहे। विधायक रामेश्वर शर्मा के संपर्क अभियान को खासा जनसमर्थन मिल रहा है। स्थान-स्थान पर जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रही है। कई स्थानों पर जनता ने बुलडोज़र से फूल बरसा कर उनका स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भाजपा ने केन्द्र में माननीय मोदी जी और राज्य में माननीय शिवराज जी के नेतृत्व में जो जनकल्याणकारी प्रयास किए उनका सकारात्मक प्रभाव ही है कि आज प्रदेश भर में भाजपा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा के विकास के विजन और जनहित के इंटेंशन के चलते आज प्रदेश चहुंदिश प्रगति कर रहा है। नागरिक प्रगति से प्रादेशिक उन्नति की पटकथा लिखी जा रही है। इसलिए आज हर नागरिक भाजपा को अपनी पहली पसंदूबना रहा है। भाजपा का हर कार्यकर्ता जनता के बीच सेवक बनकर जाता है। इसलिए जनता भी उनको आदर और सम्मान देती है। मेरे अपने कार्यकाल में जनता के हित के कार्यों के परिणामस्वरूप ही आज हर क्षेत्र की जनता मेरा आत्मीयता से अभिनंदन कर रही है। मैं तो इनका सेवक हूँ, यही मेरे भगवान है। इसलिए इन्हीं से पुन: सेवा का अधिकार मांगने क्षेत्र में जा रहा हूँ।

जनसंपर्क के दौरान एमआईसी सदस्य रवींद्र यति, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, मण्डल अध्यक्ष मनोहर मीना, पार्षद ज्योति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा का जनसंपर्क बिलखिरिया मंडल के पिपलिया बाजखां से प्रारंभ होकर वार्ड - 85 के विभिन्न क्षेत्रों में जाएगा। जहां शर्मा जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ जन-जन से संपर्क करेंगे। शुक्रवार का यह जनसंपर्क प्रात: 08 बजे प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा।



## 21 वर्ष से की जा रही झांकी की स्थापना

**भोपाल।** बजरंग दुर्गा उत्सव समिति ने विशाल मां जगदंबे के प्रतिमा स्थापित की जो 21 वर्ष से स्थापना कर रही है जो प्रतिदिन झांकी पंडाल में अधिक से अधिक भक्तगण देखने आ रहे हैं बजरंग दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष अमित कनौजिया राजेंद्र सेन ।राहुल राजपूत चंद्र पवार सचिन तिवारी बिट्टू प्रजापति संदीप तिवारी शेखर यादव अभिषेक यादव राहुल कनौजिया रितिक कनौजिया शैलेंद्र कनौजिया नरेश अहिरवार पंकज चौहान

## साधू वासवानी स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया गया प्रेम रामचंदानी का जन्मदिवस



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में श्रद्धा के साथ प्रेम रामचंदानी का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों के लिए कुछ कहा नहीं जा सकता एक फूल की भी यही चाहत होती है कि शहीदों के कदमों पर चढ़ाया जाए, ये देश इन शहीदों के कारण ही है और जो देश, जो समाज, जो जाति इन वीर पुरुषों को भूल जाती है उस देष का पतन होना निश्चित है, ऐसे वीर नौजवान अगर हमें पहले मिलते तो हमें सिंध नहीं छोड़नी पड़ती हमें बेघर न होना पड़ता हमें अपनी सिंध को वापस लेना है इसके लिए हम सभी को मिल-जुलकर प्रयास करने होंगें, अत: इस देश की संस्कृति को जिंदा रखने के लिए अपना तन-मन अर्पण कर दें और अपने देश पर कभी आंच न आने दें, आज के दिन यह संकल्प लें कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने से कभी पीछे नहीं हटेंगें। कर्नल नारायण पारवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम मनाने का यही उद्देश्य है कि हमें अपने वीर बहादुर सिपाहियों को कभी नहीं भूलना चाहिए जिनके कारण हम सुरक्षित है। इस अवसर पर संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एसएचआईएम की छात्रा अन्वी को दीक्षांत समारोह में दो स्वर्ण पदक मिले



**संत हिरदाराम नगर।** दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। सही शिक्षा एवं प्रोत्साहन से छात्र जीवन के लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। हाल ही में बरकतुल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में एसएचआईएम की एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड की छात्रा अन्वी जैन को मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलपति के द्वारा दो स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रथम स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय के द्वारा प्रबंध संकाय की स्नातकोत्तर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्ति के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया एवं द्वितीय स्वर्ण पदक श्री सीताराम जिंदल फाउंडेशन नई दिल्ली के द्वारा प्रदान किया गया। अन्वी जैन ने स्कूली शिक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एम.बी.ए. इंटीग्रेटेड में एसएचआईएम में प्रवेश लिया। संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता पिता की प्रेरणा की वजह से अन्वी को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की प्रबंध संकाय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## अर्ध चेतीचांद आयोजन में साबूमल रीझवानी सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के महत्वपूर्ण पर्व ''अर्ध चेतीचांद'' का भव्य कार्यक्रम झूलेलाल सेवा मण्डल, शहडोल में आयोजित किया गया था जिसमें पूज्य सिंधी पंचायत, संत हिरदाराम नगर के अध्यक्ष साबू रीझवानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। झूलेलाल सेवा मण्डल, शहडोल के अध्यक्ष चन्दन बहरानी तथा सिंधी पंचायत के मुखी रमेश खत्री ने अपने साथियों सहित साबू रीझवानी के दीर्घ अनुभव एवं इस उम्र में भी लगातार नि:स्वार्थ सेवा कार्य तथा झूलेलाल की भक्ति में जो लगन है, उनके लिये दोनों संस्थाओं की ओर से ऐतिहासिक सम्मान कर यादगार मोमेन्टो प्रदान किया। समारोह में भगवान झूलेलाल के मधुर भजनों के बाद भगवान झूलेलाल एवं माँ जगदम्बे की श्रद्धा से कार्यक्रम में गरबा नृत्यमयी आरती की गई। साबूमल ने उद्बोधन में बताया कि अर्ध चेतीचांद मनोकामना पूर्ण करने के साथ सुख शांति का धार्मिक पर्व है, जो प्रेम, एकता, भाईचारे के प्रतीक है, तथा परिवार, समाज व राष्ट्र को शक्तिशाली बनाता है। वही यह आयोजन सिंधू, संस्कृति एवं सिंधू सभ्यता के अनुरुप मेहनत मिलनुसार मातृभाषा के संवर्धन के साथ अनुशासन एवं देश भक्ति की प्रेरणा जाग्रत करता है। इसलिये, अर्ध चेतीचांद के धार्मिक पर्व का बड़ा महत्व है।

## सन् 1965 के युद्ध में शहीद हुए प्रेम रामचन्दानी को संस्कार स्कूल में किया याद



**संत हिरदाराम नगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में शहीद प्रेम रामचन्दानी के जयंती के उपलक्ष्य में उनको याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप रिटायर्ड कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने शहीद प्रेम रामचन्दानी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया। सचिव बसंत चेलानी ने संत हिरदाराम नगर के प्रेमचन्दानी मार्ग के बारे में बताते हुए कहा कि वह मार्ग हमारे शहीद प्रेम रामचंदानी की याद में ही बनाया गया और उसका सही नाम भी शहीद प्रेम रामचन्दानी मार्ग है। नारायण पारवानी ने प्रेम रामचन्दानी के संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में बताया। संत हिरदाराम नगर में बस स्टैण्ड से लेकर साधु वासवानी स्कूल तक जो मार्ग वह शहीद प्रेम रामचंदानी मार्ग के नाम से ही है और संस्कार स्कूल के सौजन्य से इस मार्ग पर बोर्ड भी लगवाए गए है।



**भोपाल। 100 मीटर लंबी चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह दिखाकर जय मां चिंता हरणी दरबार नील सागर कॉलोनी फेस 2 कलखेड़ा रोड नीलबड़ पहुंचकर माता रानी को चुनरी भेंट की।**

# गरबे में उत्साह के लिए मेंटेंन करें ऊर्जा-स्तर का प्रवाह: डॉ.द्विवेदी



**भोपाल:** नवरात्रि के दौरान कई कन्यायें और मातृशक्तियाँ उपवास रखती हैं। इसलिए गरबा खेलते समय कई बार उनका ऊर्जा स्तर बहुत कम हो जाता है। जिससे उन्हें थकान, कमजोरी, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों के दर्द या चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल त्योहार का मजा किरकिरा हो जाता है बल्कि दैनिक जीवन के कार्यकलाप भी प्रभावित होते हैं। इसलिए नवरात्रि और खासतौर पर गरबा खेलते समय अपने ऊर्जा स्तर का खास खयाल रखें।

ये बात देश-दुनिया के जाने-माने होम्योपैथिक चिकित्सक और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने विशेष चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि गरबा के दौरान पसीने के जरिये हमारे शरीर का काफी पानी यूज हो जाता है। इसलिए कई बार गरबा खेलने वाले डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं। इसलिए साधारण पानी, एनर्जी ड्रिंक्स, नारियल पानी अथवा फलों के जूस आदि के जरिए अपने शरीर में पानी की मात्रा मेंटेंन करें। शुगर और बीपी पेशेंट्स को विशेष रूप से सावधानी रखने की जरूरत है।

डॉ. ए.के. द्विवेदी के अनुसार ये उपाय भी कारगर है जैसे गरबा खेलने से पहले स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कीजिये। गरबा खेलने के बाद समय निकालकर थोड़ी देर सेतुबंध आसन और सर्वांगासन (या अर्धसर्वांगासन) तथा शवासन जरूर कीजिए। इससे न केवल दर्द से छुटकारा मिलेगा अपितु थकान भी दूर होगी। हल्दी युक्त गर्म दूध और गुड़ का सेवन करें। उपवास करने वालों को पर्याप्त मात्रा में ड्राई फ्रूट्स जरूर लेने चाहिये। इससे एनर्जी लेवल बना रहेगा। दर्द नियंत्रण से बाहर हो रहा हो तो चिकित्सक की सलाह पर होम्योपैथिक अथवा अन्य दवायें भी ली जा सकती हैं। वायरल बुखार और कमजोरी से बचाव के लिए अपने चिकित्सक से सलाह लेकर विटामिन डी एवं सी, बीसी की जांच भी करानी चाहिए।

# यूआईटी आरजीपीवी की टीम ने इंडियन कार्टिंग रेस चौम्पियनशिप में ऑलइंडिया रनर अप ट्राफी जीती

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



यूआईटी आरजीपीवी ऑटोमोबाइल विभाग के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल गो कार्ट बनाकर इम्पेरिकल सोसाइटी ऑफ इनोवेशन इंजिनियर्स द्वारा बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा मे 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित अखिल भारतीय इंडियन कार्टिंग रेस चैंपियनशिप में इलेक्ट्रिकल गो कार्ट केटेगरी की ईवी केटेगरी में देश मे द्वितीय रनर अप स्थान प्राप्त किया पुरुस्कार स्वरूप यूआईटी आरजीपीवी की इनफिनिटी रेसर्स ई - गो कार्ट टीम को आयोजकों द्वारा तीस हजार रुपये नकद,ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

ऑटोमोबाइल विभाग यूआईटी की विभाग अध्यक्ष प्रो अलका बानी अग्रवाल एवं डॉ विकास वर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की टीम इनफिनिटी रेसर्स ने देश के 35 कॉलेज की टीमों की प्रतिस्पर्धा में यह उपलब्धि हांसिल की है। इस इवेंट में क्रासपैड,ब्रेक टेस्ट ,एक्सलरेशन टेस्ट,टेक्निकल इंस्पेक्शन राउंड, बिज़नेस प्लान प्रेजेंटेशन ,कास्ट प्रेजेंटेशन, और डिज़ाइन राउंड प्रेजेंटेशन राउंड शामिल थे। आरजीपीवी की टीम इनफिनिटी रेसर्स में कप्तान स्तुति श्रीवास्तव, प्रांजल सैनी, उपकप्तान, अदिति सिंह ,अविकान्त पाठक ,ड्राइवर वन सौरभ सिंह,चिंतन वर्दे, विक्रांत पटेल ,हर्ष गुप्ता, अंकित पांडे ,ड्राइवर टू वंश जैन ,हर्ष शाह ,हिगिंस फिनि जोन्स ,मोहम्मद अक़दस ,आयुष शर्मा ,जय मीना अर्णव भारतीय एवं देवसिंह शामिल थे। टीम की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुनिल कुमार,डायरेक्टर यूआईटी प्रो सुधीर सिंह भदौरिया ,विभाग अध्यक्ष प्रो अलका बानी अग्रवाल ,प्रो असीम तिवारी ,डॉ विकास वर्मा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापक एवं छात्रों बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा टीम को गो कार्ट बनाने के लिए दो लाख रुपये की राशि प्रफां की गई थी।टीम ने आई के आर के आंठवे सीज़न में यह उपलब्धि अपने इनोवेशन से हांसिल की है।टीम आगामी 2024 की कोयम्बटूर में आयोजित होने वाली मोटर स्पीड वे में भी हिस्सा लेंगी।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मंडला में ली 3 चुनावी सभाएं

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को मंडला में माता राजराजेश्वरी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख-समृध्दि की कामना की। इस दौरान चौहान ने मंडला जिले में अलग-अलग स्थानों पर 3 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। जनता से मध्यप्रदेश में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं, ये मेरा बहुत बड़ा परिवार है, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा से ही गरीब और आदिवासियों के साथ अन्याय और शोषण किया है। अगर आदिवासियों के साथ किसी ने अन्याय किया और सबसे बड़ा दुश्मन कोई है तो वह कांग्रेस है। कभी सम्मान नहीं किया, समस्या का समाधान नहीं किया। कांग्रेस और कमलनाथ ने संबल योजना बंद कर दी। मैं बेटियों की शादी करवा रहा था वो भी बंद कर दी, तीर्थ दर्शन योजना भी बंद कर दी, मेधावी छात्र-छात्राओं के लैपटॉप बंद कर दिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बीमारू कहे जाने वाला मध्यप्रदेश, भाजपा सरकार में विकसित होकर स्वर्णिम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले 20 सालों में भाजपा शासनकाल के दौरान मध्यप्रदेश सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बना है. पिछले 20 वर्षों में जनता ने भाजपा पर भरोसा दिखाया है, जिसके परिणाम स्वरूप आज मध्यप्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। आज मध्यप्रदेश गरीब कल्याण, महिला उत्थान एवं सम्पूर्ण विकास का मॉडल बन गया है। भाजपा सरकार ने नागरिकों के लिए जनकल्याण की योजनाएं लाई, जिसके चलते आज मध्यप्रदेश में 1.36 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। महिला सम्मेलन और चुनावी सभाओं के दौरान पूरा मंडला शिवराजमय नज़र आ रहा था। मंडला में मुख्यमंत्री के स्वागत-सम्मान के लिए जनसैलाब उमड़ पडा। मंडला में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि, कमल का फूल ही हमारा परमानेंट उम्मीदवार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, घर-घर और बूथ स्तर पर भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार के कामों को लेकर जाना है और इस बार फिर से मध्यप्रदेश में कमल खिलाना है, भाजपा की सरकार बनाना है।



**भोपाल। हुजूर विधानसभा के गांधीनगर में कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे अजय रघुवंशी अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी का स्वागत किया।**

# व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पर संगोष्ठी आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्विद्यालय और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त संयोजन में व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। उक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डा अतुल कोठारी थे। अपने उद्बोधन में डा कोठारी ने बताया कि शिक्षा का मूल आधार एकाग्रता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भौतिक विकास के साथ नैतिक मूल्य और आध्यात्मिक विकास भी होना चाहिए। पंचकोश के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पंचकोश की संकल्पना तेत्रीय उपनिषद से आई है। जहां व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की बात कही गई है।आज के विद्यार्थियों में विज्ञान पढ़ने के साथ साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होना भी आवश्यक है।

कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में विषय की भूमिका रखते हुए हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक श्री अशोक कड़ेल ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ व्यक्तित्व विकास का ज्ञान भी दिया जाना चाहिए और इसमें महाविद्यालय और विश्विद्यालय जैसे शिक्षा के केंद्र की अहम भूमिका हैं। व्यक्ति को स्वयं की क्षमता को जानना होगा और वही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को संचालित कर व्यक्ति अपनी शारीरिक बौद्धिक, आत्मिक क्षमता का विकास कर सकता है।

विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. खेमसिंहजी डहेरिया ने बताया कि विश्विद्यालय में व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण पर पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर तैयार पाठ्यक्रमों में इनका समायोजन भी किया गया है। साथ ही भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान से छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से विश्विद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं। आज हर जगह हिंदी का महत्व बढ़ा है। संगोष्ठी में डा राकेश ढड जी, डा भारत व्यासजी, डा प्रियदर्शिनी अग्निहोत्रीजी, रामसागर मिश्रजी, डॉ भूपेंद्र कुमार विश्विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। आभार विश्विद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र जैन व्यक्त किया

# जयंती पर कांग्रेसजनों ने स्व. प्रकाशचंद्र सेठी का किया स्मरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेटी की 96 वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री चंद्रप्रभाष शेखर सहित कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय प्रकाशचंद्र सेठी की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुये कहा कि श्री सेठी वास्तविक ईमानदार नेता थे, केंद्र में पेट्रोलियम, इंडस्ट्रीज सहित तमाम मंत्रालयों में रहकर उन्होंने देश और प्रदेश की जनता की सेवा की। वे राजनीति में ईमानदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण थे। पूर्व मुख्यमंत्री होने के बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रही, रहने के लिए एक मकान तक नहीं था, उनकी आर्थिक एवं पारिवारिक वित्तीय स्थिति को देखते हुये तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री को केबिनेट का दर्जा दिये जाने की पहल कर प्रस्ताव केबिनेट में पारित कराया। स्वतंत्रता आंदोलन में भी उनकी अहम सहभागिता रही। वे सैद्धांतिक निर्णयों के साथ काम करते थे और उसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बररते थे। आज ठीक उसके विपरीत देश और प्रदेश में लूट के निजाम की सरकार चल रही है। शेखर ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि उनके साथ काम करने का मुझे काफी करीबी से अवसर मिला है। उन्होंने करीब से गरीबी को देखा और गरीबों के लिए बहुत काम किये, प्रशासन के लिए गौरवशाली कार्य किया।

इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने भी स्वर्गीय श्री सेठी जी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जे.पी. धनोपिया ने सभी उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने किया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह मंगू, दीपचंद यादव, जितेन्द्र मिश्रा, अब्बास हफीज, अवनीश बुंदेला, शहरयार खान, संतोष सिंह परिहार, रवि वर्मा, मिथुन अहिरवार, विक्की चौहान, अपराजिता पांडे, हृदेश किरार, हैदरयार खान, शहाना हसन, श्वेता पटेरिया, सै. मुजफ्फर अली, मुईनउद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# टेंट हाउस महिला विंग सदस्यों ने गरबा कर की मां दुर्गा की आराधना




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल टेंट हाउस की महिला विंग की सदस्यों ने गरबा कर मां दुर्गा की आराधना की। टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन के चेयरमैन रिंकू भटेजा ने बताया कि महिला विंग की सदस्यों ने महामाया गार्डन नर्मदा पुरम रोड में गरबा कर मां दुर्गा की भक्ति भाव से आराधना कर मां का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के गेम्स, प्रतिस्पर्धा आदि का आयोजन भी किया। इस भक्ति रस की गंगा में,समर्पित भाव से गरबा करने वाली महिला विंग की सदस्यों में प्रमुख रुप से श्रीमती तरनजीत खनूजा, समता जैन ,लीना पांडे, सोनिया सोनी ,प्रिया गुप्ता, सरोज सोनी, वर्षा झा, प्रियंका सोनी, नीतू यादव, पुष्पा राजपूत, पवित्रता जायसवाल, सविता, संध्या, कविता, मोहनी, योगिता, आदि उपस्थित रही ।

## भक्तामर स्तोत्र पाठ किया



**भोपाल।** अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद् मैना सुंदरी संभाग भोपाल की जैनम महिला परिषद् एमपी नगर ने क्षमावाणी पर्व अतिशय क्षेत्र कुराना में मनाया सर्वप्रथम भक्तामर स्तोत्र पाठ किया। तत्पश्चात जाने अनजाने में किए गए गलतियां की क्षमायाचना की क्षमा पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष रश्मि टोंग्या ने बताया कि पर्युषण पर्व के उपरांत भोपाल के निकट स्थित प्रकृति की छटा बिखेरता सुरम्य अतिशय क्षेत्र के दर्शन करके मन प्रफुल्लित हो गया हम-सब ने दिनभर खूब मौज-मस्ती की गेम खेले ईमाम जीते मनोरंजक हाऊजी खेला तत्पश्चात स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया और सांध्यकालीन आरती करके वापस भोपाल आये इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष वंदना सिंघई उपस्थित रहीं शाखा सचिव शर्मीला मोदी, खुशबू जैन सूतवाले, रश्मि जैन, अर्चना जी,रिचा सूतवाले, संगीता, सारिका सहित 25 सदस्य उपस्थित रहे हम सदस्यों को गेम हमारे साथ पिकनिक पर गई।

# मुझे कम समय मिला फिर भी सुरखी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी: गोविंद सिंह राजपूत

## गांव-गांव में पंहुचकर कर रहे जनसंपर्क



**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार धीरे धीरे परवान चढ़ रहा है। भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के गांव गांव में पंहुच बना कर जनता और मतदाताओ से सीधे जुड़ गए हैं। धुआंधार प्रचार की कड़ी में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को विकासखंड राहतगढ़ के ग्राम पिपरिया खास से जनसंपर्क का श्री गणेश किया। उन्होंने यहां माताओं, बहनों बुजुर्गो का आशिर्वाद लेकर भाजपा को वोट देने की अपील की। इसके बाद गोविंद सिंह ग्राम ओसान खेड़ी और ग्राम बकेना में पहुंचकर जनसंपर्क किया। भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत ने दोपहर 3 बजे ग्राम निवोदिया व ग्राम हिरनखेड़ा, सोनपुर, कनेरा में सघन जनसंपर्क किया। जन-समपर्क में गोविंद सिंह को महिला पुरुष मतदाताओं,जनता और युवाओं का जबरजस्त समर्थन मिल रहा है। युवाओं की टोलियां उत्साह और उमंग के साथ लगातार साथ कई किलोमीटर तक पैदल चलकर लोगों का दिल जीत रहे हैं। उक्त गावों में छोटी छोटी सभाओं में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मुझे काम करने के लिए कम समय मिला बावजूद इसके मैने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आशिर्वाद से 15 महीने में ही समूची सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में विकास कार्य शुरू कराए । क्षेत्र में करोड़ो रुपए के विकास कार्य पूर्ण हो गए हैं और कुछ चल रहे हैं, वे भी जल्दी पूरे हो जाएंगे। गावों में अब पीने के पानी की समस्या नहीं रही। नल जल योजनाओ से पानी घर घर पहुंच रहा हैद्य अधिकांश गांव पक्की सड़क के माध्यम से मुख्य सड़क से जुड़ गए हैं। अब लोगो को कच्ची सड़क और गड्ढों से मुक्ति मिल गई है। कांग्रेस की रुचि विकास कार्यों में नहीं रहती वह तो भाजपा के कार्यकाल में हो रहे कार्यों में अड़ंगे लगाना जानती है। इस अवसर पर रामकुमार पप्पू तिवारी,मंडल अध्यक्ष अमित राय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,विनोद ओसवाल, नगर पालिका राहतगढ़ उपाध्यक्ष जहीर कुरेशी,भगवान सिंह, चुन्नी लाल अहिरवार, वसीम खान,अरविंद सिंग, जालम लोधी रामबाबू अहिरवार ओमकार पटेल रम्मू आदिवासी ,मनीष नामदेव सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नियमित योग से हड्डियों का घनत्व बढ़ सकता है: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 20 अक्टूबर को विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस मनाया जाता है। ऑस्टियोपोरोसिस का अर्थ है हड्डियों का खोखला होना है। हड्डियों पर ही हमारा पूरा शरीर टिका रहता है इसलिए हड्डियां जितनी अधिक मजबूत होंगी हमारा शरीर भी उतना ही अधिक हेल्दी और फिट रहेगा । हड्डियों के कमजोर होने से चलना फिरना बंद हो जाता है और इससे शारीरिक गतिविधि बंद हो जाती है जिससे मानसिक स्तर पर परेशानियां होने लगती हैं। कई बार हमारी बुरी आदतों की वजह से भी बोन्स कमजोर हो जाती हैं। कई लोग ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से ग्रसित हैं। इसमें अधिक महिलाएं हैं। बोलचाल की भाषा में इसे हड्डियों का खोखलापन भी कहा जाता है। हाइपरटेंशन और हार्ट डिसीज के बाद यह तीसरी बड़ी बीमारी है, जिससे भारतीय जूझ रहे हैं। ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हड्डियों में फ्रैक्चर होते हैं। दरअसल ऑस्टियोपोरोसिस में हड्डियां इतनी पतली और कमजोर हो जाती हैं कि हल्का-सा गिरने या फिर चोट लगने के कारण ही ये टूट जाती हैं। इसमें भी चिंता की बात यह है कि शुरुआत में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। समस्या का पता तब चलता है जब बीमारी एडवांस स्टेज में पहुंच जाती है, जिसके चलते फ्रैक्चर होने लगते हैं।

# एम्स में विश्व बाल चिकित्सा हड्डी और जोड़ दिवस पर नई सुविधाओं का शुभारंभ



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स भोपाल में आज विश्व बाल चिकित्सा हड्डी एवं जोड़ दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह की उपस्थित थे।

इस अवसर पर ऑर्थोपेडिक्स (ओ.पी.डी.) में एक्स-रे सेवाओं और फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पी.एम.आर.) / ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया। जिससे अस्थि रोग से संबंधित मरीजों की देखभाल और उपचार बेहतर तरीके से की जा सकेगी।

अपने संबोधन में प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने बच्चों में हड्डी और जोड़ों के स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। यह देखते हुए कि समय के साथ साथ बच्चों में साझा करने की भावना कम होती जा रही है, हमें उनकी जीवनशैली और आधुनिक जीवन के तनावों से निपटने की क्षमता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में युवा आबादी तेजी से बढ़ रही है इसलिए हमें उनके विकास को प्राथमिकता देने की जरुरत है ताकि हम एक स्वस्थ भारत का निर्माण कर सके। नई लॉन्च की गई सुविधाएं रोगियों के लिए उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगी, जिससे हम मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने में सफल हो पाएंगे। डॉ. सिंह ने आगामी जुलाई में शुरू होने वाले बाल चिकित्सा कार्यक्रम एम.सी.एच. की सफलता के लिए मिल जुल कर प्रयास करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ऑर्थोपेडिक्स के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. रेहान उल हक के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिन्होंने प्रो. (डॉ.) अजय सिंह की प्रेरक उपस्थिति और समर्थन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ सिन्हा, डॉ. प्रतीक बेहरा और डॉ. गिरीश भट्ट ने रिकेट्स- एक ऐसी स्थिति जो बच्चों में हड्डियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है,पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर डॉ. शशांक पुरवार, चिकित्सा अधीक्षक, और डॉ. राजेश मलिक, डीन (एकेडमिक्स), अन्य संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, मरीज़ और उनके रिश्तेदार शामिल थे, जिन्होंने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एम्स की सीनियर रेजिडेन्ट्स डॉ. अन्येशा साहा को पोस्टर प्रस्तुति में दूसरा पुरस्कार




**भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग में सीनियर रेजिडेंट डॉ. अन्येशा साहा ने पोस्टर प्रेजेंटेशन श्रेणी में दूसरा पुरस्कार जीता। हाल ही में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (आईएपीएमआर) द्वारा मध्यावधि सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम आयोजित किया गया था। ये कार्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में आयोजित किया गया था जिसमें विभिन्न आयुर्विज्ञान संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। डॉ. साहा के पुरस्कार विजेता पोस्टर का शीर्षक था टेट्राप्लेजिक हैंड के लिए संशोधित टेनोडिसिस स्प्लिंट। इस व्यावहारिक और नवोन्मेषी शोध में टेट्राप्लाजिया के रोगियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है, यह एक ऐसी स्थिति है जो सभी चार अंगों को प्रभावित करती है।

# कानून के जानकार के साथ गरबा कार्यक्रम स्थल पहुंचे बजरंग दल के नगर संयोजक नहीं दे पाए संवैधानिक पक्ष का जवाब-टी आई ने दिखाया बाहर का रास्ता



दमोह स्थानीय तहसील ग्राउंड में चल रहे गरबा कार्यक्रम में उस समय सौहाद्र बिगाड़ने और अशांति निर्मित होने की संभावना दिखाई देने लगी जब बजरंग दल के नगर संयोजक, जिला मंत्री जो वकील भी बताए जाते है के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे और आपत्ति ली कि अन्य धर्म विशेष के लोग यह कार्यक्रम नहीं देख सकते जबकि आयोजन समिति का कहना था आयोजन हमारा है हम जिम्मेदार है कार्यक्रम सब देख सकते है। जहां अन्य लोगों ने संवैधानिक पक्ष रखे जिसका जवाब शायद इनके पास नहीं था या जवाब नहीं दे पाए जबकि कानून के जानकार (जिला मंत्री) इनके साथ थे, इस बीच कोतवाली टी आई विजय राजपूत ने शांति कायम रखते हुए दोनों पक्ष को सुनकर और कार्यक्रम में अनावश्यक अशांति न हो इसलिए नगर संयोजक को कार्यक्रम स्थल से बाहर का रास्ता दिखाया।

## केदारनाथ मंडप में उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

सिवनी- शहर से लगे ग्राम लूघरवाड़ा में विगत 50 वर्षो से माता रानी की मूर्ति विराजित की जाती है जहां पर इस 50 वें वर्ष में भगवान भोलेनाथ का दरबार केदारनाथ की छाया आकृति दी गई है जिसे देखने माता रानी के दरबार में भक्तों की भीड देखने लायक़ है और मंडप के बाहर बैठे मन्नत वाले नंदी से लोग कान में बोलकर अपने दिल की मन्नत मांगते हुये देखे जा रहे है जो एक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि लूघरवाडा में श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति महावीर मढिया के द्वारा माता अर्धनारीश्वर के रूप में विराज मान है जहां पर मन्नत वाले नंदी बाबा भी बैठे हुये है पंडाल के रूप में केदारनाथ धाम की रूपरेखा दी गई जिसे देखने के लिये भक्तो का ताता लगा हुआ है और मंडप के सामने से आने जाने वाले लोग एक बार गाडी खडी कर इस महाकाल की नगरी को देखने के लिये एवं दर्शन करने के लिये जरूर रूक रहे है और माता रानी के दर्शन का लाभ ले रहे है। समिति के संरक्षक पंकज बघेल ने बताया कि पंडाल में विराजमान माता रानी अर्धनारीश्वर के रूप में विराज मान है और साथ में मन्नत वाले नंदी भी विराज मान है और मंडप की रूपरेखा एवं सजावट जबलपुर के सोनू भाई के मार्गदर्शन में किया गया

## श्री नायर और राजा बघेल बने महामंत्री

सिवनी- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी डी बी नायर को मध्यप्रदेश कांग्रेस पूर्व अधिकारी/कर्मचारी प्रकोष्ठ में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। इसी तरह मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा राजा बघेल को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है, श्री नाथ ने आशा व्यक्त की है कि आप दोनों श्रीमति सोनिया गांधी, भारतीय राष्टीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावनानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त किये जाने पर श्री नायर एंव राजा बघेल को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## शव पानी में तैरते मिलने से ,गांव में दहशत

ओबेदुल्लागंज। ग्राम इकलामा में करीब 30 वर्षीय युवक की लाश मिलने का समाचार प्राप्त हुआ है शव मिलने की सूचना के बाद ग्राम में दहशत का माहौल बना रहा ग्राम इकलामा निवासी शैलेन्द्र नागर ने बताया कि सुबह नाले में एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना तत्काल थाना ओबेदुल्लागंज को दी गई दल बल के साथ ह्यास्रभ्रश विकास पांडे व थाना प्रभारी संजय चौकसे मोंके पर पहुंचे और उक्त युवक के शव को नाले से बाहर निकाला।शव की तलाशी के उपरांत जेब में रखे आधार कार्ड के अनुसार युवक अंकित पिता राकेश ओढ़ उम्र 30 वर्ष निवासी सिंधी कैंप के रूप में उसकी पहचान की गई।ओबेदुल्लागंज पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की।




सुल्तानपुर - त्रिवेणी चोक वार्ड न. 5 सुल्तानपुर माता रानी की झांकी का मनोहर दर्शय

# 18 किलोमीटर पैदल पदयात्रा 7 घंटे में पहुंची खंडेरा माता मंदिर जहां भक्तों ने चढ़ाई माता को चुनरी

### चुनरी यात्रा में देवी भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**रायसेन।(अशोक सोनी)** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विश्व की सबसे बड़ी 11000 मीटर लंबी चुनरी पदयात्रा मध्य ग्रुप के तत्वाधान में सांची रोड माता मंदिर से निकल गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती 18 किलोमीटर पैदल चलकर 7 घंटे में खंडेरा छोला वाली माता पहुंचकर लाखों भक्तों ने माता रानी को चुनरी चढ़ाई। चुनरी पदयात्रा के आयोजक चरण सेवक श्रीमती सविता जमुना सेन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रायसेन द्वारा 11 वर्षो से लगातार नवरात्रि के अवसर पर विश्व की सबसे बड़ी चुनरी लाखों भक्तों के साथ निकल जाती है। चुनरी यात्रा में इस वर्ष भक्तों के मनोरंजन के लिए समिति द्वारा कई मनोरंजक आइटम शामिल हुए जिसमें बुरहानपुर के नाचने वाले घोड़े नाचने वाले ऊंट भूत पार्टी मयूर नृत्य दिल दिल घोड़ी देवी काली और भगवान शंकर के स्वरूप कलाकार ट्रॉले पर नृत्य करती चल रही थी वहीं नौ देवियों की आकर्षित झांकी ढोल काशी तांबे डीजे ढपले सहित कई प्रकार के आइटम लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे थे। मां काली स्वरूप की जोरदार प्रस्तुति। चुनरी पदयात्रा मैं सम्मिलित हुए मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती सविता जमुना सेन भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन पूर्व हिंदू समिति के अध्यक्ष राजू राठौर अशोक सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक सम्मिलित थे। चुनरी यात्रा का नगर एवं ग्रामीण स्तर पर भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया वहीं भक्तों ने चुनरी यात्रा के भक्तों के लिए फलहार खिचड़ी खीर केला एवं पानी की व्यवस्था कई स्थानों पर की गई। देवी भक्त डीजे एवं ढोल की थाप नाच रहे थे इसमें महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे एवं बच्चियों भी नाच रही थी। चुनरी यात्रा पदयात्रा रायसेन का एक बहुत बड़ा त्यौहार हो गया है इसको देखने के लिए रायसेन नगर के अलावा आसपास की ग्रामीण के भक्त बड़ी संख्या में आते हैं। नगर में भक्तों का जन सैलाब इतना होता है कि नगर की ट्रैफिक को बदल जाता है और रोड जाम हो जाती है। 7 घंटे में पहुंची खंडेरा मंदिर पदयात्रा। माता खंडेरा वाली मैया श्रीमती सविता जमुना अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रायसेन द्वारा उनके परिवार के साथ एवं देवी भक्तों के साथ माता रानी को चुनरी चढ़ाई। हर वर्ष माता रानी को चुनरी अर्पित करने के पहले नगर के समस्त वार्डों में चुनरी को ले जाकर चुनरी की पूजा आयोजन समिति द्वारा कराई जाती है इसके बाद ही माता रानी को अर्पित की जाती है।

# भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव ने बस स्टेंड क्षेत्र का भ्रमण कर मांगा विजयश्री का आर्शीवाद




छतरपुर। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने गुरूवार की शाम भाजपा जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बस स्टेंड क्षेत्र का भ्रमण करके मतदाताओं से विजयश्री का आर्शीवाद मांगा।

सहंबी मंडपम में भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ होने के बाद भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने सहंबी मंडपम से बस स्टेंड क्रमांक 1 और 2 सहित जटाशंकर होटल, मोतीमहल होटल मार्ग से होकर पूरे क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उत्साही मतदाताओं ने स्वप्रेरणा से श्रीमती ललिता यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया। जगह-जगह उन्हें लोगों ने पूरा भरोसा दिलाया कि छतरपुर के विकास और डबल इंजन की सरकार बनाए रखने के लिए भारी मतों से विजयी बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बस स्टेंड के व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि बस स्टेंड नंबर 2 पर जो फर्शीकरण का निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें और तेजी लाकर शीघ्र पूरा करा दिया जाएगा जिससे व्यापारियों की परेशानी शीघ्र दूर हो जाए। इस दौरान उन्होंने बस स्टेंड पर बने हनुमान मंदिर में दर्शन करके सभी की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना भी की।

# विधानसभा क्षेत्र 149 में 7 चेक पोस्टों पर मुस्तैद है.निगरानी दल

### नवनिर्माण भवन में शिफ्ट हुआ एसडीएम कार्यालय



बैरसिया।। अनुविभागीय अधिकारी बैरसिया कार्यालय नये भवन में शिफ्ट हो गया. पुराने भवन के पीछे नवनिर्माण हुए भवन में गुरुवार को आम निर्वाचन को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम विनोद सोनकिया ने पत्रकारों की बैठक आयोजित कर आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मध्य नजर विधानसभा क्षेत्र 149 बैरसिया की सीमाओं पर सात चेक पोस्ट? बनाए गए। चेक पोस्टों पर निगरानी दल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य मार्गों आन्तरिक मार्गों, अंतर्राज्यीय अंतर जिला मार्गों पर स्थैतिक निगरानी दल पोस्ट पॉइंट क्षेत्र अंतर्गत भारी मात्रा में नगदी अवैध शराब संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर निगरानी हेतु टीम मुस्तैद की गई है। उपरोक्त गठित दल के ग्रुप संपूर्ण जांच की सीडी अकाउंटिंग टीम को सौंपेंगे इसके अलावा दैनिक रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक रिटेनिंग ऑफिसर सहायक व्यंग प्रेक्षक को प्रस्तुत करेंगे. दल के सभी अधिकारी कर्मचारी आपस में समन्वय कर एसएसटी का कार्य स्थैतिक निगरानी पोस्टों पर उपस्थित रहकर संपादित करेंगे विस्तृत कार्य प्रक्रिया एवं आयोग के निर्देशों की जानकारी समय-समय पर पृथक से अवगत कराएंगे. सातों चेक पोस्ट विदिशा रोड, झिकरिया खुर्द, शमशाबाद रोड सोहया जोड़, भोपाल गुना मार्ग सूरजपुरा, नरसिंहगढ़ रोड पर्वती पुल, सीहोर रोड कलारा सीहोर रोड, झिरनिया घाटी भोपाल सीहोर रोड पर करीब 50 से अधिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहकर निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

## केवलारी में राकेश पाल सिंह ने मंदिरों में पूजा अर्चन कर शुरू किया जनसंपर्क

केवलारी/सिवनी- केवलारी विस के विधायक रहे राकेश पाल ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है और आगामी चुनाव में भाजपा को जिताने, कमल खिलाने ग्राम कान्हीवाड़ा में सभी र्यकर्ताओं, बूथ समिति के अध्यक्ष, बी एल ए 2, महामंत्री, सक्ति केंद्र पालक, संयोजक एंव प्रभारीयो की बैठक लिये, जिसमे उन्होंने सभी से अपील की है कि हमे अपने कार्यो में जुट जाना है और आगामी चुनाव में केवलारी में फिर से कमल खिलाना हैं। इसके पश्चाते केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कान्हीवाड़ा में विराजित श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर में जाकर पूजन कर भारतीय जनता पार्टी कि जीत की प्रार्थना किये।ग्राम मोहबर्रा के पास स्थित पूज्य धाम माता बंजारी मंदिर में जाकर पूजन अर्चन किया। उन्होंने कहा हम सभी कार्यकर्ताओं को अब चुनाव की तैयारी में लग जाना है हम अपने बूथ को जीतेंगे। भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जीताना है। यह हमारा लक्ष्य अंतिम छोर तक पर बैठे व्यक्तियों की सेवा करना हमारा यह लक्ष्य है।भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता यह लक्ष्य हैं।बड़ी संख्या में केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर मंडल केवलारी क्षेत्र,मंडल कान्हीवाड़ा एंव मंडल उगली के 300 से अधिक नवयुवकों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्य ग्रहण की सभी को अंगवस्त्र पहनाकर एंव माल्यर्पण कर भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया।

# बड़ा हादसा-मिक्सर मशीन हाईटेंशन बिजली के तार से टकराई

### 2 मजदूरों की मौत, एक गंभीर घायल

सीहोर। सीहोर में बड़ा हादसा सामने आया है। पुलिया निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर मशीन के हाई टेंशन बिजली के तार से टकराने से 2 मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला जिले के शाहगंज थाना अंतर्गत ग्राम आमोन और खारी सिलगेना के बीच का है।

शाहगंज थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि ग्राम आमोन खेरी सिलगेना मार्ग के बीच पुलिया का निर्माण चल रहा है । गुरुवार को मिक्सर मशीन हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गई। जिसके कारण ग्राम देहगावा थाना सुलतानगंज निवासी 19 वर्षीय नीलेश पिता रामदास सिलावट और गैरतगंज रायसेन निवासी 18 वर्षीय रोशन पिता परमलाल सिलावट की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया। बताया जाता है कि जिस समय मिक्सर मशीन हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आई तब मजदूर कार्य कर रहे थे। इंजीनियर और ठेकेदार मौके पर मौजूद नहीं थे, यदि मौके पर कोई जिम्मेदार मौजूद होता तो शायद यह घटना नहीं होती। ग्राम देहगावा निवासी 25 वर्षीय प्रदीप पिता शिवराज सिलावट की सूचना पर शाहगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घायल मजदूर को बुधनी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सीहोर। बुधनी नगर के वार्ड क्रमांक 4 अदालत कॉलोनी में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि एक माह पहले ही प्रेम विवाह हुआ था। गौरतलब है कि इटारसी की रहने वाली लड़की ने घर से भाग कर आर्य समाज के मंदिर में शादी की थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया हैद्य

# सर्वधर्म चुनरी कलश यात्रा 20 को, कलश सिर पर लेकर निकलेगी मातृशक्ति

### गांव-गांव माता-बहनों को दिया जा रहा निमंत्रण



धार। शहर की प्रसिद्ध सर्वधर्म चुनरी कलश यात्रा प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी शारदीय नवरात्रि में निकाली जाएगी। हर बार की तरह चुनरी कलश यात्रा नवरात्रि की पंचमी पर निकलेगी इसके लिए समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कलश यात्रा में हजारों माता बहने शामिल होती है। इसलिए समिति सदस्य गांव-गांव जाकर आयोजन की जानकारी मातृशक्ति को दे रहे हैं। साथ ही उन्हें यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया जा रहा है। इस बार यह आयोजन 20 अक्टूबर को होने जा रहा है। गौरतलब है कि सर्वधर्म चुनरी कलश यात्रा बीते 18 वर्षों से अनवरत निकल जा रही है। कोरोनाकाल में भी सांकेतिक रूप से माता को चुनरी अर्पित कर यात्रा निकाली गई थी। इस यात्रा की शुरुआत पूर्व विधायक स्वर्गीय मोहन सिंह बुंदेला द्वारा की गई थी। उनके जाने के बाद भी इस हर्षोल्लास के साथ इस यात्रा को निकालने की जिम्मेदारी समिति ने उठाई है। इस बार आयोजन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी कृष्णकांत पटेल को दी गई है। जबकि आयोजन कुलदीप बुंदेला है। आयोजन के लिए गांव-गांव मातृशक्ति को निमंत्रण दिया जा रहा है। चुनरी कलश यात्रा का यह 19वां वर्ष है। इस यात्रा की सबसे खास बात यह रहती है कि इसमें सभी धर्म के लोग शामिल होकर मानगढ़ कालिका को चुनरी अर्पित करते हैं। साथ ही माताएं बहने सर पर कलश लेकर शामिल होती है।

# छतरपुर शहर में मतदाता जागरूकता के लिए बृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया




छतरपुर,। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले में मतदाताओं के जागरूक करने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को छतरपुर शहर के छत्रसाल चौराहे पर बृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। जिसमें नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारी, महिला-पुरुषों, छात्र-छात्राओं, दिव्यांगों, दुकानदारों आदि के द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया और 200 मीटर लम्बाई के बैनर पर जगह जगह हस्ताक्षर कर विधानसभा चुनाव में 17 नवम्बर को मतदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान शहर में छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई और मतदाता सेल्फी प्वांइट पर सेल्फी ली। स्वीप की जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही एसडीएम बलबीर रमन, एसीओ चन्द्रसेन सिंह, सीएमओ माधुरी शर्मा, तहसीलदार रंजना यादव, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह, पीओडूडा साजिदा कुरेशी, डीईओ शिक्षा विभाग, नायब तहसीलदार संध्या अग्रवाल सहित नगरपालिका के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री और स्कूली बच्चों व स्टॉप ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।

### दशहरे में महावीर हनुमान जी के 5 चोले होंगे! मुख्य आकर्षण का केंद्र

# महावीर हनुमान मुकुट को धारण करने में 40 दिन तक कठिन परिश्रम एवं ब्रह्मचारी व्रत का करना होता है पालन!

ओबैदुल्लागंज।नगर औबेदुल्लागंज क्षेत्र में नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाने की तैयारी जोरों पर है नगर में मां दुर्गा जी की मनमोहक प्रतिमा विराजमान है। पूरा नगर धार्मिक एवं माता रानी के दरबार सजे है। नवरात्रि में नो दिनों तक भक्ति भाव में लीन होकर सभी भक्त दशहरा तक पूजा अर्चना भक्ति भाव से करते है।

दशहरे में महावीर हनुमान जी का चोला रहता है मुख्य आकर्षण का केंद्र इस बार पांच हनुमान भक्त चोला धारण कर रहे है। इसमें महराज निखिल चौहान महावीर सेवा दल, ओबेदुल्लागंज, इच्छा पूर्ति दल से रोहित बाल्मिकी और बलराम प्रजापति, त्रिलोक शर्मा राम भक्त सेवा दल एवं खेड़ा पति महावीर सेवा दल हिरानिया से महाराज रविशंकर यादव हनुमान भक्त चोला धारण कर रहे है।

दशहरे पर्व में चल समारोह में आकर्षण का केंद्र रहता है। दशहरे में महावीर जी हनुमान मुकुट को धारण करने वाले व्यक्ति को 40 दिन तक कठिन परिश्रम के साथ ब्रह्मचारी व्रत का पालन करना पड़ता है इस चोले को 5 युवाओं द्वारा धारण किया जाएगा जो दशहरे पर 4 से 6 घंटे तक भगवान श्री राम लक्ष्मण के स्वरूप के आगे नृत्य करते हुए दशहरा मैदान जाकर रावण दहन कर आते हैं। विजय दशमी दशहरा पर्व पर नगर में दशहरा चल समारोह में प्रति वर्ष अनुसार महावीर हनुमान जी का चोला धारण करने वाले पांच युवक श्री हनुमान जी का चोला धारण करेंगे। नगर में दशहरा पर्व पर निकलने वाले चल समारोह में हनुमान जी का चोला के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं , यहां का हनुमान जी का चोला आकर्षण का केंद्र रहा है ।



महावीर श्री हनुमान जी का मुकुट चोला धारण प्रथम बार स्वर्गीय आत्माराम पंजाबी ने किया था । उसी समय से दशहरा पर्व पर चल समारोह में महावीर सेवादल के सदस्यों द्वारा जयकारे लगाए जाते रहे है ,,, जय रघुवीर तेरी ,, जय महावीर तेरी ।

# पथरिया नपा सीएमओ ने नपा अध्यक्ष के भतीजे पर लगाये गाली गलौज और गलत करने की धमकियों के आरोप

### पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

जिले की नगर पालिका परिषद पथरिया अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बीच विवाद को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है। इस वार सामने आये मामले में वर्तमान नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे ने एक लिखित आवेदन पुलिस अधीक्षक दमोह को देते हुए वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष पथरिया सुन्दर लाल विश्वकर्मा के भतीजे आशीष विश्वकर्मा उर्फ सोनु पर उनसे फोन पर गाली गलौज करने, परिवार की बच्ची से गलत करने और जातिगत गालियां देने का आरोप लगाया है। साथ ही अपनी अस्मिता (मर्यादा) एवं परिवार एवं बच्ची की जान का खतरे का अंदेशा जताया गया है।

पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन में नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे का कहना है कि मैं ज्योति सुनेरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पथरिया जिला दमोह होकर लेख करती हूँ कि आज दिनांक 18 अक्टूबर 23 को विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रशिक्षण हेतु दमोह शहर के निकट नवीन आदर्श महाविद्यालय बरपटी पर अपने कर्त्तव्य हेतु उपस्थित हुई। इसी दौरान दूरभाष नंबर 7806000927 के द्वारा लगभग 11ः26 बजे के करीब कॉल आया मेरे द्वारा फोन उठाने पर संबंधित के द्वारा बिना परिचय दिये सीधे ही बदतमीजी करते हुए गंदी गंदी



गालियों का एवं बहुत ही अश्लील एवं अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जाने लगा जिनका उल्लेख किया जाना

संभव नहीं है एवं मेरी 6 वर्ष की बेटी को भी अभद्र एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ

गलत करने की मंशा प्रकट की गई एवं मुझे एवं मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। जिसको सुनकर मेरे द्वारा फोन को डिस्कनेक्ट कर दिया गया और मेरे वाहन चालक के फोन से उक्त नंबर पर फोन लगाने ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर से तत् समय सोनू लुहार उर्फ आशीष विश्वकर्मा जो कि नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुन्दरलाल विश्वकर्मा के भतीजे है, के द्वारा वाहन चालक से भी दूरभाष पर अभद्रता की गई ।

पूर्व में भी इनके द्वारा मेरे विरुद्ध सोशल मिडिया पर मेरे मान सम्मान को ठेस पहुँचाने संबंधी पोस्टें डाली गई एवं नगर परिषद के शासकीय कार्यों में भी व्यवधान उत्पन्न करते रहे जिसके संबंध में मेरे द्वारा तत्समय थाना प्रभारी पथरिया को अवगत कराया गया। जिसके पश्चात् से ही सोनू उर्फ आशीष मेरे से व्यक्तिगत रंजिश निभाते हुए पत्रकारों को मनगढ़त बातें बताकर नगर पालिका की छबि धूमिल करने के इरादे से गलत खबरों का प्रकाशन करवाते हैं एवं कार्यालय में भी आकर जातिगत टीका टिप्पडी करते है क्योंकि मैं अनुसूचित जाति वर्ग से आती हूँ।

अतः माननीय महोदय से मेरा करवद्ध निवेदन है कि मैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पथरिया के प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु नगर पथरिया में निवासरत् हूँ? प्रशासनिक कार्यवश हेतु मुझे स्वयं की अस्मिता की सुरक्षा एवं जान-मान का खतरा महसूस होता है।

क्योंकि इनके चाचा नगर पालिका अध्यक्ष है एवं इन पर पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं इन पर

जिला बदल की कार्यवाही भी की जा चुकी है । अतः आपसे निवेदन है कि मुझे फोन करके धमकी देने एवं अभद्रता करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जाये एवं मुझे पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने हेतु आग्रह है क्योंकि संबंधित के द्वारा मेरे एवं मेरी 6 वर्ष की बेटी के लिए अटेम्प टू रेप जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है।

ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व नपा सीएमओ पथरिया के कार्यालय में नपा पथरिया अध्यक्ष के भाई और भतीजे के साथ नपा सीएमओ की उपस्थिति में ही पथरिया की दवंग विधायक रामबाई सिंह परिहार के साथ वाद विवाद का वीडियो सुर्खियों में आया था उसके वाद नपा सीएमओ पथरिया द्वारा अपने प्रतिवेदन और पुलिस थाना पथरिया को दिये आवेदन में नपा अध्यक्ष के परिजनों पर कार्यालयीन कार्यों में अनावश्यक दखल का उल्लेख किया गया था।

# कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची

AICC PRESS RELEASE

ASSEMBLY ELECTIONS - 2023

MADHYA PRADESH

The Central Election Committee has selected the following members as Congress candidates for the ensuing elections to the Legislative Assembly of Madhya Pradesh

| Sl. No. | No & name of Constituency | | Candidates Selected |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | Sumawali | Kuldeep Sikarwar |
| 2 | 6 | Morena | Dinesh Gurjar |
| 3 | 7 | Dimani | Ravindra Singh Tomar |
| 4 | 8 | Ambah - SC | Devendra Ramnarayan Sakhwar |
| 5 | 10 | Bhind | Chaudhary Rakesh Chaturvedi |
| 6 | 13 | Gohad - SC | Keshav Desai |
| 7 | 15 | Gwalior | Sunil Sharma |
| 8 | 22 | Datia | Rajendra Bharti (In place of Awadhesh Nayak) |
| 9 | 26 | Pichhore | Arvind Singh Lodhi (In place of Shailendra Singh) |
| 10 | 29 | Guna -SC | Pankaj Kaneria |
| 11 | 35 | Bina - SC | Smt. Nirmala Sapre |
| 12 | 36 | Khurai | Ms. Raksha Rajput |
| 13 | 39 | Rehli | Smt. Eng. Jyoti Patel |
| 14 | 41 | Sagar | Smt. Nidhi Jain |
| 15 | 46 | Niwari | Amit Rai |
| 16 | 55 | Damoh | Ajay Tandon |
| 17 | 60 | Panna | Bharat Milan Pandey |
| 18 | 65 | Maihar | Dharmesh Ghai |
| 19 | 67 | Rampur - Baghelan | Ramashankar Pyasi |
| 20 | 68 | Sirmour | Ramgarib Kol |
| 21 | 69 | Semariya | Abhay Mishra |
| 22 | 72 | Deotalab | Padmesh Gautam |
| 23 | 74 | Rewa | Rajendra Sharma |
| 24 | 77 | Sidhi | Gyan Singh |
| 25 | 81 | Devsar - SC | Bansmani Prasad Verma |
| 26 | 82 | Dhauhani - ST | Smt. Kamlesh Singh |
| 27 | 83 | Beohari - ST | Ramlakhan Singh |
| 28 | 84 | Jaisingnagar - ST | Narendra Maravi |
| 29 | 86 | Kotma | Sunil Saraf |
| 30 | 89 | Bandhavgarh - ST | Ms. Savitri Singh |
| 31 | 90 | Manpur - ST | Tilak Raj Singh |
| 32 | 92 | Vijayraghavgarh | Neeraj Baghel |
| 33 | 93 | Murwara | Mithlesh Jain |
| 34 | 94 | Bahoriband | Saurabh Singh |
| 35 | 99 | Jabalpur Cantt | Abhishek Chaukse Chintu |
| 36 | 101 | Panagar | Rajesh Patel |
| 37 | 106 | Niwas - ST | Chain Singh Warkade |
| 38 | 107 | Mandla - ST | Dr. Ashok Marskole |
| 39 | 112 | Waraseoni | Vicky Patel |
| 40 | 118 | Gotegaon - SC | Narmada Prasad Prajapati (In place of Shekhar Chaudhary) |
| 41 | 121 | Gadarwara | Smt. Sunita Patel |
| 42 | 122 | Junnardeo - ST | Sunil Uikey |
| 43 | 123 | Amarwara - ST | Kamlesh Shah |
| 44 | 124 | Churai | Sujeet Mer Singh |
| 45 | 125 | Saunsar | Vijay Chaure |
| 46 | 127 | Parasia - SC | Sohan Valmiki |
| 47 | 128 | Pandhurna - ST | Nilesh Uike |
| 48 | 136 | Seoni- Malwa | Ajay Balram Patel |
| 49 | 137 | Hoshangabad | Girija Shankar Sharma |
| 50 | 138 | Sohagpur | Pushparaj Singh |
| 51 | 139 | Pipariya - SC | Guru Charan Khare |
| 52 | 141 | Bhojpur | Rajkumar Patel |
| 53 | 142 | Sanchi - SC | Dr. G.C. Gautam |
| 54 | 146 | Kurwai - SC | Smt. Rani Ahirwar |
| 55 | 147 | Sironj | Gagnendra Raghuvanshi |
| 56 | 150 | Bhopal Uttar | Aatif Aqeel |
| 57 | 152 | Bhopal Dakshin-Paschim | P.C. Sharma |
| 58 | 154 | Govindpura | Ravindra Sahu |
| 59 | 155 | Huzur | Naresh Gyanchandani |
| 60 | 158 | Ichhawar | Shailendra Patel |
| 61 | 160 | Narsinghgarh | Girish Bhandari |
| 62 | 161 | Biaora | Purshottam Dangi |
| 63 | 164 | Sarangpur - SC | Smt. Kala Mahesh Malviya |
| 67 | 174 | Bagali - ST | Gopal Bhonsale |
| 68 | 176 | Harsud - ST | Sukhram Salve |
| 69 | 177 | Khandwa - SC | Kundan Malviya |
| 70 | 179 | Nepanagar - ST | Smt. Gendu Bai Chauhan |
| 71 | 180 | Burhanpur | Surendra Singh Shera |
| 72 | 187 | Sendhawa - ST | Montu Solanki |
| 73 | 189 | Pansemal - ST | Chandrabhaga Kirade |
| 74 | 199 | Manawar - ST | Dr. Hiralal Alawa |
| 75 | 201 | Dhar | Smt. Prabha Gautam |
| 76 | 202 | Badnawar | Bhawarsingh Shekhawat |
| 77 | 206 | Indore - 3 | Deepak Pintu Joshi |
| 78 | 208 | Indore - 5 | Satyanarayan Patel |
| 79 | 209 | Dr. Ambedkarnagar-Mhow | Ramkishor Shukla |
| 80 | 217 | Ujjain Dakshin | Er. Chetan Premnarayan Yadav |
| 81 | 218 | Badnagar | Rajendra Singh Solanki |
| 82 | 219 | Ratlam Rural -ST | Lakshman Dindore |
| 83 | 220 | Ratlam City | Paras Saklecha |
| 84 | 222 | Jaora | Himmat Shrimal |
| 85 | 225 | Malhargarh - SC | Parshuram Sisodia |
| 86 | 227 | Garoth | Subhash Sojatia |
| 87 | 229 | Neemuch | Umrao Singh Gurjar |
| 88 | 230 | Jawad | Samandar Patel |

# राष्ट्रीय फ़ैशन प्रोद्योगिकी संस्थान में हथकरघा की धूम, सम्मानित किए गए हस्तशिल्प के कारीगर

दिनांक 19 अक्तूबर 2023 को राष्ट्रीयफैशन प्रोद्योगिकी संस्थान, भोपाल में खादी महोत्सव के चलते 'सूत्र सृजन' का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग हथकरघा तकनीकों को दिखाने अनेक हस्तशिल्प कारीगर आये।

हथकरघा जिसे हैंडलूम भी कहा जाता है, एक पारंपरिक तकनीक है जिसमें कपड़े को हाथ से बुना जाता है, जिसमें किसी भी मैकेनिकल सहायता का उपयोग नहीं होता है। भारत में, हैंडलूम बुनाई का इतिहास कई सदियों से है और यह देश के सांस्कृतिक और सामाजिक ढांचे में गहरी जड़ें बांध चुका है।

हैंडलूम बुनाई भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और निफ़्ट भोपाल ने क्राफ़्ट बाज़ार का आयोजन कर इसे प्रोत्साहित करने के लिए एक कदम उठाया। इस दिवस पर हस्तशिल्प कारीगरों को उनकी शिल्प को दर्शाने का एक मौक़ा मिला जिसमें जूट बैग से लेकर मीनकारी आभूषण, चन्देरी, गोंड और जरदोज़ी, यहां तक की गोबर शिल्प, बटिक, एवं लाख के खिलौने की स्टाल्स मौजूद थी। निफ़्ट भोपाल के डायरेक्टर लेफ़्टिनेंट कर्नल आशीष अग्रवाल जी ने दिवस का उदघाटन करते हुए कहा, ÷इस क्राफ्ट बाज़ार के आयोजन से हम छात्रों एवं सभी



कर्मचारियों को हथकरघा एवं सूत कताई के बारे में जागरूक करना चाहते हैं। हैंडलूम क्षेत्र में निवेश करके हम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में सुधार कर सकते हैं, जिससे लोगों को विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।÷ अंदर मौजूद स्टाल्स को देख कर फैशन कम्युनिकेशन की छात्रा कृतिका कश्यप बोलती हैं, ÷मुझे



सभी कारीगरों से बात कर के पता चला कि हमारा देश हस्तशिल्प में कितना अमीर है। यह देख कर की ये साड़ी, मीनाकारी आभूषण, यहाँ तक ये फोटो फ्रेम्स भी हाथों से बने हैं, मैं बस अचंभितही नहीं बल्कि खुश हूँ की मुझे इसका ज्ञान मिला। इस अवसर पर सूत कताई कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था जिसके लिये खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल के कारीगर श्री महेश अहिरवार जी को आमंत्रित किया गया। सूत कताई को समझाते हुए महेश अहिरवार जी ने बताया, ÷सूत कताई की कला हमारे देश के लिए एक बहुत ही अहम आभूषण है। मैंने बहुत लोगों को देखा है जिन्हें इस कला के बारे में नहीं पता है। पर आज मुझे इन छात्रों ने दिखा दिया कि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति की जड़ो से जुड़ने की इच्छा रखती है। मुझे इन्हें यह कला समझाते हुए बहुत खुशी हुई क्योंकि इन छात्रों की अभिलाषा ने मुझे दिखा दिया की देश बदल रहा है।÷ इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों ने जाना की कताई हमारे देश के लिए और समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है और इसे कैसे किया जाता है। टेक्सटाइल डिज़ाइन की छात्रा देवांशी पवनकुमार अग्रवाल बोलती हैं,÷ मैं खुश ही की मेंने अपने जुनून को चुना। मैं अगर अपने देश के, अपनी संस्कृति के इतने क़रीब आ पायी हूँ, यह सब जान और महसूस कर पायी हूँ, तो उसका श्रेय मेरे कॉलेज को जाता है। हर दिन मुझे ना जाने कितनी नयी चीज़ों के बारे में सीखने को मिलता है।÷ अपने देश के लिए उठाये इन छोटे छोटे कदमों से ही हम संसार में अपनी कलाकारी को एक उच्च दर्जा दिलाने में सफलता हासिल कर सकते हैं। और इसके लिए हमें एक जुट होकर हथकरघा एवं सूट कताई को बढ़ावा देना होगा।

# दिया कुमारी ने संगठन की मजबूती पर किया फोकस

जयपुर 19 अक्टूबर - गुरूवार का दिन विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के नाम रहा। भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने क्षेत्र के पांचों मंडलों में पहुँच कर पार्टी पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और श्री खाटू जी के आशीर्वाद से राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है।

दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्य मंडलों की बैठक में जाकर चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। दिया कुमारी की उपस्थिति में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी दौरान उन्होंने ÷कांग्रेस मुक्त राजस्थान÷ का लक्ष्य दिया और कहा कि हमारे कार्यकर्ता आने वाले चुनावों को लेकर काफी जोश में हैं और हमें इस जोश



को वोट में बदलना है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा सेन , विस्तारक शुभम, मंडल अध्यक्ष ताराचंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह शेखावत, समस्त मंडलों के पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आज एसोसिएशन ऑफ एक्स कॉन्वेंट के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन कुशा भाऊ ठाकरे नर्सिंग कॉलेज एंड हॉस्पिटल में किया गया। जिसमे 273 मरीज़ों की जाँच मुफ्त में की गई जिस में एक्स रे और शुगर की जाँच की गई व फ्री दावा वितरित की गई । सभी 14 नामी चिकित्सक और 27 वॉलंटियर्स, सेंट जोसफ़ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स के पूर्व छात्र थे । कुल 41 लोगों की ए सी ई एस की टीम थी। भोपाल के प्रिसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा ,स्त्री रोग विशेषज्ञा ,सर्जरी, रोग विशेषज्ञा वा मेडिसिन विशेषज्ञा, शिशु रोग विशेषज्ञा एवं दंत रोग विशेषज्ञा ने मरीज़ों का इलाज किया. ग्रामीणों को बहुत सारा सामान भी वितरित किया

2019 के बाद ए सी ई एस को दोबारा शुरू करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था की फाउंडर प्राइसेडेंट रीता ललवानी के मार्ग दर्शन में ई सी मेम्बर रुबीना ताजवर, डायरेक्टर कुशा भाऊ ठाकरे नर्सिंग कॉलेज ने किया !ए सी ई एस कीअध्यक्षा फाइज़ा कुरैशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम् का शुभारंभ किया।

# नोकिया में जाएगी 14000 लोगों की नौकरी , बिक्री कम होने बाद लागत घटाने की हो रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिनलैंड के दूरसंचार उपकरण बनाने वाले समूह नोकिया कथित तौर पर 14 हजार लोगों को नौकरी से निकाल सकता है। समूह ने बताया है कि अमेरिका जैसे बाजारों में 5जी उपकरणों की धीमी बिक्री के कारण तीसरी तिमाही में उसकी कुल बिक्री 20 प्रतिशत तक कम हो गई है। इस गिरावट के बाद कंपनी अपनी लागत में कटौती के लिए 14000 लोगों को नौकरी से निकालने की योजना पर काम कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कर्मचारियों की संख्या में कमी कर नोकिया अपनी लागत में 2026 तक 800 मिलियन यूरो से 1.2 बिलियन यूरो तक की कटौती करना चाहती है। कंपनी 2026 तक अपनी ऑपरेटिंग मार्जिन कम से कम 14 प्रतिशत रखना चाहती है।

कंपनी का लक्ष्य अपने कर्मचारियों की संख्या 72,000-77,000 तक करने का है। फिलहाल नोकिया के पास आज 86,000 कर्मचारी हैं।

हाल के दिनों में नोकिया ने उम्मीद से कमजोर कमाई दर्ज की है। तीसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 467 मिलियन डॉलर रहा था। प्रति शेयर समायोजित आय 5 सेंट पर पहुंच गई है जो विश्लेषकों की ओर से अनुमानित 7 सेंट से कम है।

नोकिया के सीईओ पेक्का लुंडमार्क ने बयान में कहा, सबसे कठिन व्यावसायिक निर्णय वे हैं जो हमारे लोगों को प्रभावित करते हैं। नोकिया में हमारे बेहद प्रतिभाशाली कर्मचारी हैं और हम इस प्रक्रिया से प्रभावित होने वाले सभी लोगों का समर्थन करेंगे।

# पीएम के प्रधान सचिव ने जी 20 वर्चुअल समिट की तैयारियों की समीक्षा की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने नई दिल्ली में हुई जी-20 की बैठक के दौरान जारी घोषणापत्र के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष, जी-20 शेरपा, जी-20 के मुख्य समन्वयक और विदेश मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में, संबंधित मंत्रालयों के नेतृत्व में सात वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है और सभी संबंधित विभागों को इसमें शामिल किया जाएगा। ये वेबिनार मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी विकास, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रगति में तेजी लाना, सतत भविष्य के लिए हरित विकास संधि, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान, (1) तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, और आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने के विषयों पर प्रस्तावित हैं।

पीएम के प्रधान सचिव ने बैठक के दौरान आगामी जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की, जो नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अपनी टिप्पणी में प्रस्तावित एक पहल है। यह पहली बार है कि कोई देश मुख्य शिखर सम्मेलन के बाद इस तरह के आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, प्रधान सचिव ने सभी सदस्य-राज्यों और अतिथि देशों को सूचना के त्वरित प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान, विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रमुख सचिव को दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जो नवंबर 2023 में आयोजित होने वाला है। बैठक में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की ओर से की गई घोषणाओं के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और विकास व कल्याण में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

# सारेगामापा के सेट पर कंटेस्टेंट्स अब्दुल और रणिता रे ने सनी देओल को दिया एक दिल छू लेने वाला ट्रिब्यूट

**मुंबई, एजेंसी।** अपने पिछले सीज़न की शानदार सफ्लता के बाद ज़ी टीवी के प्रतिष्ठित सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा ने एक धमाकेदार वापसी की है, जहां हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक बतौर जज नजर आ रहे हैं और आदित्य नारायण होस्ट की भूमिका निभा रहे हैं। आगामी वीकेंड पर मनोरंजन का मजा बढ़ने जा रहा है जहां फिल्म गदर 2 के सितारे - उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर 'गदर 2 सक्सेस पार्टी' स्पेशल एपिसोड में नज़र आएंगे।इस स्पेशल एपिसोड में कंटेस्टेंट्स ने जजों और मेहमानों पर एक खास असर छोड़ने के लिए अपना शानदार टैलेंट दिखाया।

# रॉकेट की तरह दौड़ रहा सैकसॉफ्ट का शेयर, रोज लग रहे सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आईटी की वैसे तो कई सारी कंपनियां हैं, लेकिन कुछ ऐसे शेयर हैं, जिनका बिजनस बाकी आईटी कंपनियों से थोड़ा हटकर है, इसलिए उनका बिजनस तेजी से ग्रो भी हो रहा है। ऐसा ही एक शेयर है सैकसॉफ्ट। इसके स्टॉक में रोजाना अपर सर्किट लग रहे हैं। गुरुवार को बाजार में गिरावट थी, उसके बावजूद इसके शेयर 5 प्रतिशत की तेजी के साथ ट्रेड कर रहे हैं। पिछले 6 महीने में ही कंपनी निवेशकों को 130 प्रतिशत तक का मुनाफा दे चुकी है। एक साल के भीतर 300 प्रतिशत से ज्यादा के रिटर्न इस कंपनी ने दिए हैं। तीन अप्रैल 2020 को सैकसॉफ्ट के शेयर की कीमत 12 रुपये के आसपास थी। तबसे लेकर अब तक यह कंपनी 3000 प्रतिशत का रिटर्न दे चुकी है। लगातार शेयरों में तेजी आने के पीछे इस कंपनी का बिजनस बताया जा रहा है।



कंपनी बिजनस इंटेलिजेंस के साथ एप्लीकेशन इंजीनियरिंग, डाटा एनलिटिक्स, क्लाउड इन्फ्रा और सिक्योरिटी में काम करती है। कंपनी हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक एंड ट्रांसफॉर्मेशन, फिनटेक और यूटिलिटी में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए सर्विस देती है। कंपनी ने अपने बिजनस को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोसॉफ्ट और क्लिक के साथ पार्टनरशिप भी की है।

# मोदी जी ने महिला सशक्तिकरण की राह की आसान : केंद्रीय मंत्री



जयपुर । केन्द्रीय मंत्री डा जीतेन्द्र सिंह ने गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा के खातीपुरा मंडल में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिला सशक्तिकरण एक लक्ष्य ही नहीं, बल्कि हकीकत बन चुकी है। उन्होंने आदित्य मिशन का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को ऐसा वातावरण दिया जाए। उन्होंने विद्याधर नगर भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके द्वारा राजसमंद में किये गए कार्यों से प्रभावित होकर प्रदेश के चुनावों में प्रत्याशी बनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी जोश नज़र आया जिसके लिए दिया कुमारी ने उनका धन्यवाद किया।

# विक्रांत मेसी भोपाल में रियल स्टूडेंट्स के बीच कल करेंगे अपनी फिल्म 12वीं फेल का प्रमोशन




विक्रांत मेसी स्टारर विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल हर किसी का ध्यान खींच रही है। हाल ही में सामने आए फिल्म के दिलचस्प और आकर्षक ट्रेलर से भी लोग इम्प्रेस हुए और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स दिया है। फिल्म के दोनों गानों ने भी अपना जादू खूब चलाया है। और अब 12वीं फेल के प्रमोशन्स भी शुरू हो चुके है। फिल्म का प्रचार करने विक्रांत मेसी भोपाल जा रहे हैं, जहां फिल्म का पहला प्रीमियर शो होस्ट किया जाएगा। ये प्रीमियर 21 ऑक्टूबर को शाम 7 बजे डीबी मॉल स्थित सिनेपोलिस मल्टीब्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में स्टूडेंट्स भी हिस्सा लेंगे। खबरों के मुताबिक चुने गए 200 स्टूडेंट्स को प्रीमियर में फिल्म देखने और विधु विनोद चोपड़ा से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा। वैसे ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित उन लाखों छात्रों के संघर्ष को दर्शाती है जो यूपीएससी प्रवेश परीक्षा देते हैं। लेकिन साथ ही, यह उस एक परीक्षा से कही ज्यादा है और लोगों को असफलताओं के सामने हिम्मत न हारने और रीस्टार्ट करने के लिए प्रोत्साहित करता है।विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित 12वीं फेल 27 अक्टूबर को दुनिया भर में हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# गाजियाबाद, नोएडा या ग्रेटर नोएडा... रैपिडएक्स से किसे होगा सबसे ज्यादा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के करीब जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है। इसे रैपिडएक्स से भी जोड़ने की योजना बन रही है। इसके लिए एनसीआर ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने तीन वैकल्पिक रूट सुझाए हैं जो गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से शुरू होंगे। इन तीनों का अलाइनमेंट थोड़ा अलग है। इनके मुताबिक रैपिडएक्स ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परी चौक और यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए नोएडा एयरपोर्ट पहुंचेगी। इन तीनों रूट्स की लंबाई और अनुमानित यात्रियों की संख्या अलग-अलग है। इनमें पहला विकल्प ग्रेटर नोएडा वेस्ट लिंक रोड और तहद्धष्ठ से होते हुए है जिसकी लंबाई 70.4 किमी है। दूसरा विकल्प सूरजपुर-कासना मेन रोड और परी चौक होते हुए है। इसकी लंबाई 70.7 किमी है। तीसरा विकल्प नॉलेज पार्क पांच और परी चौक होते हुए है जिसकी लंबाई 72.2 किमी है।

दूसरी ओर यमुना अथॉरिटी चाहती है कि नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने वाली रैपिडएक्स दिल्ली के सराय काले खां से शुरू हो। अथॉरिटी ने एनसीआरटीसी के इसके मुताबिक रूट बनाने को कहा है। यह रूट सराय काले खां से शुरू होकर डीएनडी फ्लाइवे के साथ-साथ चलेगा और फिर नोएडा एक्सप्रेसवे तथा यमुना एक्सप्रेसवे से होते हुए एयरपोर्ट पहुंचेगा। यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि हमारा मकसद दिल्ली से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच डायरेक्ट और तेज कनेक्टिविटी मुहैया कराना है।




**सराय काले खां वाला रूट-** सिंह ने कहा कि रैपिडएक्स की प्रजेंटेशन का जोर गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच कनेक्टिविटी पर है। इसलिए हमने एनसीआरटीसी को 65 किमी लंबे डीएनडी फ्लाइवे और दोनों एक्सप्रेसवे के रूट की व्यावहारिकता रिपोर्ट बनाने को कहा है। इस रिपोर्ट के 15 दिन में पूरी होने की उम्मीद है। यह रूट में रैपिडएक्स नोएडा के प्राइम रेजिडेंशियल और कमर्शियल एरिया से गुजरेगी। इस पर कंस्ट्रक्शन में भी कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि इसके लिए जमीन उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि सराई काले खां से नोएडा एयरपोर्ट के बीच बनने वाला रैपिडएक्स ट्रैक एलिविटेड होगा और इसके निर्माण में प्रति किमी 250 करोड़ का खर्च आएगा। यह मेट्रो से सस्ता होगा। मेट्रो में एक किमी एलिवेटेड ट्रैक का खर्च 350 करोड़ रुपये और अंडरग्राउंड ट्रैक का खर्च 700 करोड़ रुपये है। पहले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से मेट्रो के जरिए जोड़ने की योजना थी लेकिन राज्य सरकार ने भारी लागत के कारण इसे खारिज कर दिया। इसके बाद रैपिडएक्स का विकल्प सुझाया गया जिसका पहले ही यूपी में एक कॉरिडोर बन रहा है।

**फिजिबिलिटी स्टडी-** गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट के बीच फिजिबिलिटी स्टडी कराई गई थी। इसमें चार सेक्शन गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से सिद्धार्थ विहार होते हुए चार मूर्ति (आठ किमी), चार मूर्ति से कासना (26 किमी), कासना से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (28 किमी) और एयरपोर्ट एरिया (छह किमी) की स्टडी की गई थी। इसमें नॉलेज पार्क पांच और परी चौक होते हुए 72.2 किमी लंबे ट्रैक की सिफारिश की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ रैपिडएक्स के 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। यह साहिबाबाद से दुहाई के बीच बनाया गया है।



छिंदवाड़ा। यूनिटी क्लब इतवारी बाजार स्थापित की गई माँ दुर्गा



छिंदवाड़ा। त्रिमूर्ति दुर्गा उत्सव समिति पोला ग्राउंड



छिंदवाड़ा। पंचवटी दुर्गा उत्सव समिति छापाखाना



छिंदवाड़ा। अनगढ़ हनुमान मंदिर

# कलेक्टर कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते पकड़ाया

## खसरा की नकल निकालने के लिए मांगे थे रूपए, लोकायुक्त पुलिस ने दबोचा



**छिंदवाड़ा।** लोकायुक्त पुलिस ने कलेक्टर कार्यालय के एक बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट के बाबू नीरज तिवारी ने आवेदक राजा गढ़ेवाल से खसरा की नकल निकालने के लिए आवेदन लगाया था। इस नकल को निकालने के लिए लिपिक आवेदक को परेशान कर रहा था और पैसे की मांग की जा रही थी। आवेदक ने लोकायुक्त में इसकी शिकायत कर दी शिकायत पर पहुंची लोकायुक्त पुलिस ने 1700 रूपए रिश्वत लेते हुए बाबू नीरज तिवारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। कलेक्ट्रेट का जनसमाधान केन्द्र जिसे प्रतिलिपि शाखा कहा जाता है यहां जमीनों के पुराने रिकार्ड खसरा नक्शा डायवर्सन सहित अन्य कार्य होते हैं यदि आवेदक लेन देन न करे तो उसका कार्य लटक जाता है। मजबूरी में आवेदक को यहां रकम देनी पड़ती है। जबकि सरकारी शुल्क नाम मात्र की है। गुरूवार को शाखा में सामान्य कामकाज चल रहा था कि एक आवेदक का इशारा मिलते ही यहां लोकायुक्त ने शाखा में घुसकर यहां के लिपिक ग्रेड-3 नीरज तिवारी को नगद रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ लिया लोकायुक्त की टीम में डीएसपी कमल सोलंकी, निरीक्षक भूपेन्द्र दीवान सहित कुल पांच सदस्य शामिल थे।

## चेकिंग के दौरान रेडीमेड के कपड़ों के 4 बंडल सहित ढाई लाख जब्त





पुलिस थाना अमरवाड़ा अन्तर्गत सिंगोडी में लगाई गई पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा विनायक वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी अमरवाड़ा निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा एवं चौकी प्रभारी सिंगोडी के द्वारा नेशनल हाईवे 547 में पेंच नदी के पास सिंगोडी में लगी स्स्ङ्मटीम द्वारा नाकाबंदी कर आने जाने वाले समस्त बाहनो की सघन चैकिंग की जा रही है चैकिंग के दौरान समय शाम करीब 9 बजे एस.एस. टी. बैरियर सिंगोड़ी में शुभम यादव पिता अनिल यादव उम्र 19 साल निवासी नरसिंहपर छिंदवाड़ा से 92535/- रू नगद एंव बाहन ,मो. हमीद पिता मो. रियाज उम्र 40 निवासी सिंगोडी से रेडीमेट कपड़ों के 04 बंडल कुल कीमती करीब 2,50,000 रूपये को अनधिक्रत तौर पर बिना बैध दस्तावेजो के ले जाते हुए जब्त किया गया है।



कांग्रेस की दूसरी सूची में छिंदवाड़ा से 6 विधायक पुराने फिर से रिपीट जुन्नारदेव से सुनील उइके परासिया से सोहन वाल्मीकि अमरवाड़ा कमलेश शाह चौरई से सुजीत चौधरी पांढुर्णा निलेश उइके सौसर से अजय चौरे की टिकट फाइनल हो गई है छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा प्रत्याशी सीट से सौसर से विजय चौरे

## आबकारी और पुलिस बल ने मिलकर अवैध शराब के अड्डों को किया ध्वस्त



**पांढुर्णा।** कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशन में एवं ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन वृत्त प्रभारी आकाश मेश्राम के नेतृत्व में सौंसर आबकारी बल द्वारा ग्राम जामलापानी के जंगलों में नाले और डैम के किनारे से प्लास्टिक की पन्नियों में बरामद महुआ लाहन खुर्द बूर्द होने पर विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही मौके पर चालू मिली भट्टियों को तोड़ा गया। रबर के ट्यूब में भरी हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर कब्जे आबकारी ली गई। इसके पश्चात सौसर आबकारी बल द्वारा सौंसर-रामाकोना क्षेत्र के ढाबों पर दबिश दी गई, दबिश के दौरान दो ढाबों से 13 बोतल बीयर और 12 पाव गोवा व्हिस्की के बरामद कर प्रकरण कायम किए गए। संपूर्ण कार्यवाही में आबकारी वृत्त सौंसर द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहतकुल 05 प्रकरण कायम कर 3500 किलोग्राम महुआ लाहन, 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा के साथ ही 12 पाव व्हिस्की एवं 13 बोतल बीयर बरामद की गई। कार्यवाही में सौसर आबकारी बल के साथ ही थाना मोहगांव का पुलिस बल मौजूद रहा।

## आचार संहिता का उल्लंघन पर 2 ग्राम पंचायतों के सचिव निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने और संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करते हुये प्रथम दृष्टया अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जैसवाल द्वारा 2 ग्राम पंचायतों के सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में दोनों सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय छिंदवाड़ा रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जैसवाल ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत कुहिया के सचिव ज्ञानलाल कुमरे द्वारा ग्राम पंचायत में संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण ग्राम पंचायत कुहिया में नवनिर्मित गौशाला के लोकार्पण के 13 अप्रैल 2022 के पत्थर और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण के 3 अक्टूबर 2016 के पत्थर पर जनप्रतिनिधियों के नाम आज दिनांक तक प्रदर्शित होना पाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत थांवरीकला में भी संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण ग्राम पंचायत के पानी के टेंकर पर जनप्रतिनिधियों के नाम आज दिनांक तक प्रदर्शित होना पाया गया। दोनों ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने और प्रथम दृष्टया अपने कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने का दोषी मानकर दोनों ग्राम पंचायतों के सचिवों को म.प्र.पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिये ई-दक्ष केन्द्र में जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है।

## तीन दिवसीय प्रवास पर आज आयेंगे कमलनाथ



छिन्दवाड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आज तीन दिवसीय प्रवास पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत वे विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे। सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का दिनांक 20 अक्टूबर को प्रातः 11.15 बजे विशेष वायुयान से इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। तदोपरांत वे दोपहर 12 बजे रानी की कोठी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात दोपहर 12.30 बजे होटल करण में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। दोपहर 1.05 बजे शिकारपुर आगमन होगा पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। श्री कमलनाथ सांय 7 बजे सोनाखार में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने के उपरांत रात्रि 8 बजे होटल करण में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दिनांक 21 अक्टूबर को पूर्व सीएम कमलनाथ अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे छिन्दवाड़ा विधानसभा के ग्राम उभेगांव में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, दोपहर 1 बजे छिन्दवाड़ा विधानसभा के ग्राम सिहोरा पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तदोपरांत दोपहर 2.10 बजे नाथ का शिकारपुर आगमन होगा। सांय 5.30 बजे पूर्व सीएम श्री कमलनाथ का मोहखेड़ आगमन होगा, जहां में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। रात्रि 7 बजे शिकारपुर आगमन पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। दिनांक 22 अक्टूबर को प्रातः 11 पूर्व सीएम कमलनाथ पड़ोसी जिले सिवनी के लिये प्रस्थान करेंगे।

## नॉमिनेशन संबंधी प्रक्रियाओं के बारे में राजनैतिक दलों की कार्यशाला



अमरवाड़ा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नॉमिनेशन संबंधी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण देने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर मनोज पुष्प के निर्देशन में आज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय निर्वाचन अधिकारी हेमकरण धुर्वे कार्यालय सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की विधानसभा स्तरीय ऑनलाइन वीडियो रिकॉर्डिंग के द्वारा इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स प्रो.डॉ.पी.एन.सनेसर और राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को ऐन्कोर ऑनलाइन का उपयोग करने और नामांकन फार्म भरते समय रखने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को इस बार नगद रुपए लेकर नामांकन करने नहीं आना होगा इसके लिए उन्हें सुविधाएं दी गई है जिसमें ही चालान के लिए प्रत्याशी धरोहर राशि जमा कर सकेंगे जानकारी के अनुसार साइबर ट्रेजरी के माध्यम से लिखा शीर्ष में ऑनलाइन राशि जमा कराई जा सकेगी एवं उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

## सुग्रीव से मित्रता कर श्रीराम ने किया बाली का वध



छिंदवाड़ा। श्रीरामलीला मण्डल द्वारा छोटी बाजार में खेली जा रही। श्रीरामलीला के आठवें दिन सुग्रीव मित्रता बाली वध की लीला का मंचन किया गया। मुख्य निर्देशक वीरेंद्र शुक्ल ने बताया कि लीला की शुरुआत में माता सीता की खोज करते हुए भगवान श्रीराम माता शबरी की कुटिया में पहुंचते है जहां शबरी वर्षो से उनके आने की राह देख रही थी, श्रीराम के आश्रम में आने से शबरी आनंदित हो उठती है। शबरी श्रीराम की अच्छी तरह से आओ भगत करती है एवं भोजन के रूप बेर देती है। भगवान को कोई खट्टा या खराब बेर ने मिले इसलिए वह सभी बेर को चखकर देती है। श्री राम यहां नवधा भक्ति का वरदान शबरी को देते है। माता शबरी के आश्रम से किष्किंधा का पता चलने के बाद भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण मार्ग में आगे बढ़ते है। इधर सुग्रीव अपने शुभचिंतकों सहित पर्वत के शिखर पर विराजमान होते हुए दूर से तपस्वियों को आते देख श्री हनुमान जी को उनका पता लगाने भेजते है, हनुमान ब्राह्मण का रूप धर कर उनसे परिचय जानते ही प्रसन्न हो जाते हैं क्षमा याचना करते हुए उन्हें अपने कंधों पर बैठाकर महाराज सुग्रीव के पास ले जाते हैं। सुग्रीव अपनी व्यथा सुनाते हैं बाली के अत्याचार की बातें करते हैं इसके बाद श्री राम मित्रता का संकल्प लेते हैं और बाली का वध करके सुग्रीव को किष्किंधा का साम्राज्य सौंप देते हैं। बाली वध की लीला में राम भोग का विशेष सहयोग दर्शिता वीरेंद्र मालवी, रत्नेश रघुवंशी एवंसचिन रमेश (पहलवान) ताम्रकार द्वारा दी गई।

### आज की लीला में यह होगा खास

श्री रामलीला मंडल के अशोक चौरासिया एवं भोला सोनी ने ने बताया कि आज की लीला में सुग्रीव द्वारा सीता माता का पता लगाने का अपनी सेना को आदेश दिया जाएगा समुद्र के किनारे पहुंचकर सभी उसको पार करने में असमर्थता जताएंगे जामवंत जी हनुमान भगवान को उनकी शक्ति का एहसास दिलाएंगे हनुमान समुद्र पार कर लंका पहुंचेंगे, माता सीता का पता लगाएंगे, लंका दहन करेंगे, लौटकर श्री राम को सीता का संदेश सुनाएंगे।

### इन कलाकरों ने किया अभिनय

मण्डल के आकाश सोलंकी एवं समकित जैन ने बताया कि शबरी प्रसंग, बाली वध की मुख्य लीला में शबरी की मार्मिक भूमिका में श्रांत चंदेल रहे इसके अलावा सुग्रीव श्रीकांत द्विवेदी, बाली के रूप में मण्डल अध्यक्ष सतीश दुबे, तारा शिवम नामदेव, अंगद प्रजीत दुबे, हनुमान संतोष कुशवाह , श्रीराम रजत पांडे , लक्ष्मण आयुष शुक्ला एवं सम्पाती संतोष नामदेव ने भूमिका निभाई।

## देवेंद्र डेहरिया बने कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष



**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र के बड़कुही नगर परिषद में कमलनाथ एवं नकुल नाथ सुरेश कपाले जी के निर्देश पर कांग्रेस सेवादल का गठन किया गया जिसमें देवेंद्र डेहरिया को सेवादल अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई जिसमें हसब कुरेशी उपाध्याय बिट्टू स्वयं योगेश राय रमेश जंगीला टिंकू सिंह आशीष राव प्रिंस राव मनीष श्रीवास्तव अश्विन जैन अक्षय नाटियाल माइकल शाहरुख खान विशाल पद्ती कन्नू लहरिया आमिर शरीफ खान चिंटू दानिश तिफान कबीर लहरिया अंकित डेहरिया अज़हर खान एवं दीपक सिंह 15 वार्ड से वार्ड अध्यक्ष बने गए जिसमें ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष श्री अंसार सिद्दीकी और नगर पंचायत के उपाध्?यक्ष हरिवंश के हंसते प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्?यक्ष एन पूर्व सेवा दल निसार खान एवं गोपाल संभारे उपस्?थित रहे प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही ब्?लॉक सेवा दल अध्?यक्ष के द्वारा सभी नवनियुक्?त पदाधिकारियो को कमलनाथ एवं नकुल नाथ के हाथों को मजबूती प्रदान करने साथ ही कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर शपथ ली गई

## शिर्डी सांई बाबा पुण्यतिथि पर होंगा विशाल भंडारा, गोपालकाला पालकी यात्रा

छिंदवाडा। सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिर्डी सांई बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि, नवरात्र पर्व में नवमी तिथि पर बाबा की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया है। 24 अक्टूबर विजयादशमी पर प्रातः 5.30 बजे काकड आरती, प्रातः 6.30 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार से श्री शिर्डी सांई बाबा का अभिषेक, प्रातः 9 बजे सांई नाम जप, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती तथा आरती के उपरांत दोपहर 3.30 बजे तक विशाल भंडारा, विवेकानंद कालोनी स्थित सांई मंदिर के परिसर में आयोजित किया गया है ।विजया दशमी से बाबा की सांध्यकालीन आरती का समय शाम 6.30 बजे होगा । शाम 7 बजे से पालकी यात्रा संत भेंट हेतु श्री गजानन मंदिर तक जायेगी। दिनाँक 26.10.2023 दिन गुरुवार को गोपालकाला दोपहर 4 बजे से महिला रामायण मंडल संचार कालोनी के द्वारा संपन्न किया जायेगा। दिनाँक 29.10.2023 को शरद पूर्णिमा के पर्व पर छिंदवाडा के विभिन्न संगीत विद्यालयों द्वारा रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। रात्रि में दुग्ध का वितरण किया जायेगा। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष जयंत बक्षी, सचिव अवधूत मोहगांवकर, बी. आर. उपासे, नोखेलाल चौरसिया, वीरेन्द्र अल्डक, शिव माटे, धर्मेन्द भार्गव, वीरेन्द्र तिवारी, नीरज डोले, अविनाश पंडित, मनोज वाघमारे ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से शिर्डी सांई पुण्यतिथि समारोह में तन मन धन से सहयोग कर उपस्थिति का आग्रह किया है ।

## विश्व हिंदू परिषद ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

छिंदवाड़ा। गौशाला मे पशुओं की अव्यवस्था की खबरें सुनने पर विश्व हिंदू परिषद् जिला गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ तिवारी ने अपने साथियों के साथ कामधेनु गौशाला सिहोरा मालए पाटाढाना गौशालाए कांजी हाउस पालिका बाजार का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौशाला मे पशुओं के खान.पान, रहन.सहन, उपचार, रख.रखाव व्यवस्था मे ध्यान देते हुए निगम कमिशनर को अवगत कराया एवं सिहोरा माल गौशाला मे पशुओं की हालत बहुत ही गंभीर है,पशुओं को छोडा नही जाताए भूषा चारा कम मात्रा मे 3.4 बजे दिया जा रहा है इस कारण पशु बहुत ही निर्बल हो गए है ये देखा जा सकता है इस बात को भी सरपंचएगौशाला प्रभारी को सूचना दी अगर इस बात को नजरंदाज किया गया तो बिहिप उग्र आंदोलन कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराएगी इस अवसर पर पुनीत सोनी, बजरंग दल प्रखंड सह संयोजक अमन वर्मा, पवन चंदेल मौजूद थे ।

## वाहनों से जमा करवाया 12500 रूपये जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** आदर्श आचरण संहिता के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया द्वारा सभी छोटे, बड़े व घरेलू उपयोग के वाहन और सभी व्यवसायिक वाहन स्वामी एवं वाहन चालकों को सखूती के साथ ये निर्देश जारी किये गये हैं कि सभी वाहनों के संचालक अपने-अपने वाहनों में अगर किसी भी राजनैतिक दल से सम्बंधित किसी भी प्रकार के स्लोगन, फोटो, बैनर इत्यादि लगे हों तो उसे तत्काल हटायें।



छिंदवाड़ा। सांसद नकुलनाथ नगर भ्रमण पर निकले और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चाट पकौड़ी का आनंद लिया।

## प्रदेश का भविष्य बचाना है, फिर से कमलनाथ सरकार बनाना है: नकुलनाथ

### केदारपुर, कुण्डा व साजपानी में सांसद ने ली जनसभायें



**छिन्दवाड़ा।** चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केदारपुर, कुण्डा व साजपानी में जिले के सांसद नकुलनाथ ने विशाल जनसभाओं को सम्बोधित कर कांग्रेस के पक्ष में अपना समर्थन देकर फिर से श्री कमलनाथ को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की आमजन से अपील की।अपने उदबोधन में सांसद ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब जिले की सभी विधानसभाओं में कांग्रेस की विजय हुई है तब-तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है और हमें मिलकर फिर यह इतिहास दोहराना है और प्रदेश के सतत विकास के लिये स्थायी, टिकाऊ और बहुमत वाली कांग्रेस सरकार का गठन कर कमलनाथ को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर सांसद नकुलनाथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गत दिवस जारी किये गये वचन पत्र का उल्लेख करते हुये कहा कि श्री कमलनाथ ने जन आकांक्षाओं और जनअपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश की जनता को 101 वचन दिये हैं यह वचन, युवा, बेरोजगार, किसान, व्यापारी, मजदूर व महिलाओं सहित हर वर्ग की सम्पूर्ण सुख सुविधा व विकास तथा सुरक्षा को दृष्टि में रखते हुये तैयार किये गये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के यह वचन भाजपा की तरह झूठे व बरगलाने वाले नहीं है बल्कि इन वचनों की पूर्ति के लिये श्री कमलनाथ वचन बद्ध है। सांसद ने कहा कि विगत चुनावों में प्रदेश की सरकार बनते ही कमलनाथ ने अपने वचन पूरे किये थे। इस बार भी जनता को दिये गये वचनों में पूर्व के वचनों के साथ पुरानी पेंशन बहाली, किसानों को 5 एचपी तक की बिजली फ्री व 10 एचपी पर हॉफ, कन्या विवाह के लिये एक लाख, गेहूं व धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य, सरकारी रिक्त पदों पर एक लाख युवाओं की भर्ती सहित, अन्य वचन शामिल है जिन्हें सरकार बनते ही तत्काल प्रभाव से निभाया जायेगा। श्री नाथ ने अपने उदबोधन में विशेषकर महिलाओं को दी जानी वाली सौगातों, सुविधाओं व सुरक्षा पर विशेष चर्चा की ।तीनों ही स्थानों पर आयोजित इन विशाल जनसभाओं में क्षेत्रीय विधायक सुजीत चौधरी, प्रभारी श्रीमती नेहा सिंह, पूर्व विधायक गंभीर सिंह, हरिशचंद्र पटेल, प्रीतम पटेल, तीरथ सिंह ठाकुर, निखिल पटेल, मिठठन चौरसिया व ईश्वर चौधरी सहित कांग्रेस के समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुये।

## अंतर्राज्यीय सीमा पर की जा रही है सघन चेकिंग 3.5 लाख रुपए जप्त



**पांढुर्णा।** कलेक्टर अजय देव शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के आदेशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अंतर राज्यीय सीमा (महाराष्ट्र राज्य) से लगे हुए चेकिंग नाकों पर लगे चेकिंग दलों को जिला पांढुर्णा की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को चेक कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु 24 घंटे लगातार चेकिंग की जा रही है जो आज दिनांक 18.10.23 को एसडीएम सौंसर अंकिता त्रिपाठी एवं एसडीओपी सौंसर डीव्हीएस नागर मार्गदर्शन-निर्देशन में तथा थाना प्रभारी लोधीखेड़ा उपनिरीक्षक दीपक डेहरिया के नेतृत्व में आज सतनूर स्स्ङ्म बैरियर परिवहन चेकिंग नाका पर चेकिंग के दौरान दो वाहनों से 3,50,000 रुपए जप्त किए गए हैं जिसमें वाहन क्रमांक MH49S3330 में रितेश दीपाने पिता अशोक दीपाने उम्र 39 साल निवासी जरीपटका नागपुर से 100000 रुपए, वाहन क्रमांक MH490202 में संजय पिता कृष्णा गवड उम्र 55 साल निवासी कलमना मार्केट नागपुर से 2.5 लाख रुपए जप्त किए गए हैं उक्त कार्यवाही में थाना लोधीखेड़ा के आरक्षक नरेंद्र रघुवंशी, विशेष सशस्त्र बल के सउनि द्विवेदी, C/451 महेंद्र, ४ 1008 दिलीप , C/348 कमलेश एवं परि.उनि अनामिका की सराहनीय भूमिका रही एवं स्स्ङ्म टीम में दल प्रभारी दिलीप परतेती,रोजगार सहायक अजय यादव,प्रवीण ताजने, ग्राम कोटवार मयूर डोंगरे, सुनील गजभिए की अहम भूमिका रही। पांढुर्णा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा संपूर्ण चेकिंग दल की प्रशंसा की है तथा पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# भोपाल की 7 सीटों पर कांग्रेस के सभी उम्मीदवार घोषित

## पीसी शर्मा पर फिर भरोसा जताया, भोपाल उत्तर से आरिफ अकील के बेटे को टिकट, कृष्णा गौर के सामने रवींद्र साहू

**भोपाल।** कांग्रेस ने भोपाल जिले की सभी 7 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने दूसरी सूची में भोपाल उत्तर से विधायक आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील को टिकट दिया है। पीसी शर्मा को दूसरी बार दक्षिण-पश्चिम से टिकट देकर भरोसा जताया है।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस ने भोपाल की सभी सात सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भोपाल उत्तर की सीट को लेकर चल रहे कश्मकश को भी खत्म कर दिया है। यहां परिवारवाद को ही कांग्रेस ने बढ़ावा दिया है। बीमार चल रहे विधायक आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील को प्रत्याशी बनाया गया है। अकील को लेकर उनके चाचा की नाराजगी थी,



लेकिन उन्हें मना लिया गया है, जबकि भोपाल दक्षिण-पश्चिम में मौजूदा विधायक पीसी शर्मा को फिर से मौका दिया गया है। इनकी सीट को लेकर ऊहापोह बना हुआ था, लेकिन अब यह सस्पेंस खत्म हो गया है। हालांकि इनके मुकाबले भाजपा से कौन लड़ेगा, अभी तय नहीं हो पाया है। विधायक रामेश्वर शर्मा के खिलाफ हुजूर में नरेश ज्ञानचंदानी को उतारा गया है। एक बार फिर इनका मुकाबला शर्मा से होगा। गोविंदपुरा में भाजपा विधायक कृष्णा गौर के मुकाबले में रवीन्द्र साहू होंगे। इसके पहले भोपाल मध्य और बैरसिया में दोनों दलों के प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं।

**भोपाल उत्तर:** भोपाल उत्तर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने आरिफ अकील के परिवार पर भी भरोसा जताते हुए उनके बेटे आतिफ अकील को टिकट दिया है। पिछले चुनाव में भाजपा ने फातिमा रसूल सिद्दीकी को अकील के खिलाफ मैदान में उतारा था लेकिन वह भी आरिफ अकील को शिकस्त नहीं दे सकीं। इस बार भाजपा ने इस सीट पर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है।

**गोविंदपुरा:** कांग्रेस ने इस बार पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के खास रविन्द्र साहू को टिकट दिया है। वे अपना पहला चुनाव लड़ेंगे। वे इसके लिए पिछले कुछ सालों से सामाजिक-धार्मिक आयोजन कराकर और क्षेत्र के लोगों को तीर्थ यात्राएं कराकर तैयारी में लगे हुए थे। यहां से भाजपा उम्मीदवार पूर्व सीएम बाबूलाल गौर की पुत्रवधु कृष्णा गौर हैं। यह गौर की परंपरागत सीट है और गौर परिवार के पास वर्ष 1967 से है।

**हुजूर:** हुजूर में कांग्रेस ने नरेश ज्ञानचंदानी को फिर से टिकट दिया है। इसके पहले पिछला चुनाव भी उन्होंने ही लड़ा था। यहां से भाजपा से विधायक





रहे और भाजपा छोडक़र कांग्रेस में गए जितेन्द्र डागा भी दावेदारी कर रहे थे। डागा को दरकिनार कर पार्टी ने ज्ञानचंदानी पर संभवतः बैरागढ़ की सिंधी बहुत आबादी के चलते लिया है। लेकिन इससे भितरघात का खतरा इस सीट पर बढ़ गया है। क्योंकि भाजपा में रहते भी डागा टिकट न मिलने पर निर्दलीय पर्चा भर चुके हैं। यहां से भाजपा की तरफ से मौजूदा विधायक रामेश्वर शर्मा ही प्रत्याशी हैं

**दक्षिण-पश्चिम:** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट राज्य की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। यहां से कांग्रेस ने पीसी शर्मा पर ही भरोसा जताया है। हालांकि यहां से संजीव सक्सेना भी दावेदारी कर रहे थे। उन्हें पिछले चुनाव में तो समझाकर बिठा दिया गया था लेकिन इस बार फिर वे निर्दलीय मैदान में उतर सकते हैं। ऐसा हुआ तो पीसी के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

### ये होंगे आमने- सामने

| | |
|---|---|
| हुजूर | : रामेश्वर शर्मा -नरेश ज्ञानचंदानी |
| गोविंदपुरा | : कृष्णा गौर -रवीन्द्र साहू |
| भोपाल द.प. | : घोषित नहीं- पीसी शर्मा |
| भोपाल उत्तर | : आलोक शर्मा -आतिफ अकील |
| नरेला | : विश्वास सारंग -मनोज शुक्ला |
| भोपाल मध्य | : ध्रुव नारायण सिंह- आरिफ मसूद |
| बैरसिया | : विष्णु खत्री -जयश्री हरिकरन |





### देर से नाम घोषित होने पर वोटर्स से एक मिनट भी बात नहीं कर पाएंगे

कांग्रेस की सीटें लंबी प्रतीक्षा के बाद तय होने की वजह से कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए बहुत कम समय मिलेगा। 27 दिन ही प्रचार में बाकी हैं। ऐसे में अपनी-अपनी विधानसभा में अगर हर मतदाता से प्रत्याशी को मिलना पड़े तो प्रति मतदाता एक मिनट का भी समय नहीं मिल पाएगा। अभी भाजपा का भी दक्षिण पश्चिम का उम्मीदवार तय नहीं है। स्थिति ये है कि नेताजी एक मतदाता को महज साढ़े चार सेकंड ही दे पाएंगे। यानी जनसंपर्क के दौरान एक मिनट के दसवां हिस्सा भी मतदाता से






मुलाकात का नहीं मिल पाएगा।

### कांग्रेस प्रत्याशियों को ज्यादा तेज दौड़ना होगा

हर मतदाता तक पहुंचने के लिए कांग्रेस के प्रत्याशियों को ज्यादा तेजी से दौड़ना होगा। यह स्थिति तब होगी जब शुक्रवार को नाम घोषित हो जाएं।

**गोविंदपुरा:** गोविंदपुरा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को हर मतदाता तक पहुंचने के लिए रोजाना 14 हजार 552 वोटर की गति से दौडऩा होगा। यहां 3.92 मतदाता हैं।

**हुजूर:** हुजूर विधानसभा में रोजाना 13 हजार 716 वोटर्स की गति से जनसंपर्क करना होगा। यहां 3.70 मतदाता हैं।

**दक्षिण-पश्चिम:** दक्षिण पश्चिम विधानसभा में अभी भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हैं। यहां रोजाना 8587 वोटर्स तक पहुंचना होगा। यहां कुल 2.31 लाख मतदाता हैं।

**उत्तर विधानसभा:** उत्तर विधानसभा में 9098 मतदाताओं से रोजाना मुलाकात करनी होगी तो समय कम है। यहां 2.45 लाख मतदाता हैं।

## मप्र: तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए और डीआर देने के लिए मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ भोपाल ने प्रदेश के कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत स्वीकृत करने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

संस्था के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी द्वारा मुख्य सचिव को किए गए मेल में कहा गया है कि केंद्रीय अधिकारी कर्मचारियों की तरह राज्य के 7.50 लाख कार्यरत एवं साढ़े चार लाख सेवानिवृत कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं राहत 1 जुलाई 2023 से प्रदान किया जाए ताकि प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी दीपावली पर्व उत्साह और मांग से मना सके।

तिवारी ने अपने पत्र में यह बताया है कि पूर्व के चुनाव में आचार संहिता के चलते भी महंगाई भत्ता और राहत प्रदान की गई है। उसी को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी यह महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का लाभ कर्मचारियों को दिया जा सकता है।

## भोपाल दर्शन के बाद दीवार पर उकेरे प्रकृति के रंगभरे संदेश

**भोपाल।** मप्र शासन के संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से आलियांस फ्रांसिस द्वारा आयोजित वाल आर्ट फेस्टिवल-तीन का समापन गुरुवार को किया गया। इसके तहत सभागम केंद्र की दीवार पर आर्टिस्ट आश्ति मिलर ने खूबसूरत वाल आर्ट को उकेरा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही रवींद्र भवन की कार्यालय प्रमुख मधु चौधरी भी उपस्थित रहीं। भोपाल के कलाकारों सहित कलाप्रेमी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। आश्ति मिलर ने कहा कि रवींद्र सभागम केंद्र की दीवार पर उनके द्वारा बनाए वाल आर्ट का विषय प्रकृति था। यह विषय उन्हें भोपाल के खूबसूरत प्राकृतिक वातावरण को देखकर सूझा। उन्होंने बताया कि यह अब्स्ट्रैक्ट आर्ट है। इसके पहले उन्होंने केरल में पानी विषय और मुंबई में पृथ्वी विषय पर वाल आर्ट बनाया था।

**मिली भरपूर सराहना-** इस अवसर पर प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि आर्टिस्ट द्वारा बनाया गया वाल आर्ट काफी आकर्षक है और रवींद्र भवन में आने वाले कलाप्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने कहा कि रवींद्र भवन की सांस्कृतिक विरासत है।






# कांग्रेस की दूसरी सूची: रात को ही शुरू हो गया विरोध और इस्तीफों का सिलसिला

**भोपाल।** कांग्रेस की 88 नाम की दूसरी सूची देर रात को अंधेरे में जारी हुई, जिसमें तीन टिकट बदले गए। सूची जारी होने के बाद रात में ही विरोध शुरू हो गया। देर रात अंधेरे में जारी कांग्रेस की इस सूची को देखकर लग रहा है की एक बड़ा असंतोष जल्द सामने आएगा, कई योग्य दावेदारों के नाम काट दिए गए हैं, बड़ा घमासान देखने को मिलेगा। इस्तीफे, पुतला दहन ,प्रदर्शन , घेराव देखने को मिलेंगे और यह सूची बड़ा बवाल मचाएगी।

घमासान और पुतले जलने के बाद दतिया से अवधेश नायक का टिकट बदलकर राजेंद्र भारती को दिया गया। वहीं कपड़ा फाड़ने के कांड के बाद पिछोर से शैलेंद्र सिंह का टिकट काटकर अरविंद सिंह लोधी को दिया गया। शिवपुरी का मामला अभी भी अटका हुआ है। गोटेगांव से शेखर चौधरी का टिकट काट कर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति को वापस टिकट दिया गया। केपी सिंह को शिवपुरी यथावत रखा गया, वीरेंद्र रघुवंशी के टिकट पर अभी भी संशय बना हुआ है। ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ के आरोपी रहे सुनील सराफ को कोतमा से वापस टिकट दिया गया। मुरैना से राकेश मावई का टिकट काटकर कमलनाथ ने अपने समर्थक दिनेश गुर्जर को टिकट दिया। अजय सिंह के विरोध के बाद भिंड से राकेश चतुर्वेदी को टिकट दिया गया। खुरई से अरुणोदय चौबे को टिकट नहीं मिला।

सेमरिया से कांग्रेसजनों के विरोध के बावजूद अभय मिश्रा को टिकट दे दिया। केंद्रीय नेतृत्व के पहले नकुलनाथ ने जो तीन टिकट घोषित किए थे। अमरवाड़ा, परासिया और पांढुर्णा, उन्हीं तीनों टिकट केंद्रीय नेतृत्व ने घोषित किये, इससे नकुलनाथ का दबदबा साबित हुआ। होशंगाबाद से ना-नकुर करने के बावजूद गिरजा शंकर शर्मा को टिकट दिया गया। भोजपुर से पचौरी जी के समर्थक बद्री चौहान को टिकट नही देकर ,दिग्विजय सिंह समर्थक राजकुमार पटेल को टिकट दिया गया। भोपाल उत्तर में आरिफ वकील के भाई को टिकट नहीं देते हुए पुत्र को टिकट दिया गया। भोपाल दक्षिण पश्चिम में दिग्विजय सिंह की चली, कमलनाथ समर्थक संजीव सक्सेना को टिकट नहीं मिला, पीसी शर्मा को वापस टिकट मिला। गोविंदपुरा में दिग्विजय सिंह समर्थक रविंद्र साहू को टिकट मिला। शुजालपुर में दिग्विजय सिंह समर्थक बंटी बना का टिकट काटकर कमलनाथ समर्थक रामवीर सिकरवार को टिकट मिला। खातेगांव में कमलनाथ जी की नहीं चली, दिग्विजय सिंह जी ने दीपक जोशी को टिकट दिलाया।

खंडवा ,बुरहानपुर ,नेपानगर में अरुण यादव समर्थकों के टिकट काटकर कमलनाथ जी ने उनके विरोधियों को टिकट दिए। धार में कमलनाथ समर्थक कुलदीप बुंदेला का टिकट कटा, दिग्विजय सिंह समर्थक गौतम परिवार को टिकट मिला। कांग्रेसियों के तमाम विरोध के बावजूद बदनावर से भंवर सिंह शेखावत को टिकट दिया गया। इंदौर तीन में आखिरी समय में अरविंद बागड़ी का टिकट काटकर पिंटू जोशी को टिकट दिया गया। महू में अंतर सिंह दरबार का टिकट काटकर, दल बदल कर आए रामकिशोर शुक्ला को टिकट दिया गया। जावद में राजकुमार अहीर का टिकट काटकर, हाल ही में दल बदल कर शामिल हुए समंदर पटेल को टिकट दिया गया। ब्यावरा से विधायक रामचंद्र डाँगी का टिकट काट कर पुरुषोत्तम डाँगी को टिकट दिया गया। नरसिंहगढ़ से दिग्विजय सिंह समर्थक रघु परमार को टिकट नहीं दिया, गिरीश भंडारी को टिकट दिया। भोपाल के बाक़ी सारे टिकट दिग्विजय सिंह के कोटे में आए, पचौरी समर्थकों को टिकट नहीं दिये गए। रीवा से टिकट नहीं मिलने पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता पांडे ने पद से इस्तीफ़ा दिया।




## कलेक्ट्रेट में जमा होंगे दक्षिण-पश्चिम और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के नामांकन, 21 अक्टूबर से शुरू होगी प्रक्रिया

**भोपाल।** जिले में विधानसभा चुनाव के विधायक प्रत्याशियों के नामांकन लेने की तैयारियों को जिला प्रशासन द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है। जिले की दक्षिण-पश्चिम और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामांकन कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम कार्यालय में लिए जाएंगे। इसके अलावा अन्य पांच विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामांकन एसडीएम कार्यालयों में आरओ द्वारा लिए जाएंगे।बता दें कि नामांकन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई तारीख 21 अक्टूबर यानि कल से शुरू हो जाएगी और 30 अक्टूबर तक जारी रहेगी।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था तो पुख्ता रहेगी साथ ही नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों को भी नियमों का पालन करना होगा।

कलेक्ट्रेट में स्थित एडीएम उत्तर के कार्यालय में दक्षिण -पश्चिम विधानसभा और एडीएम दक्षिण के कार्यालय में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामांकन लिए जाएंगे। प्रत्याशियों से नामांकन लेने के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी और सहायक अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा एसडीएम हुजूर कार्यालय में हुजूर विधानसभा, एसडीएम बैरागढ़ कार्यालय में उत्तर विधानसभा, एसडीएम




शहर के कार्यालय में मध्य, बैरसिया एसडीएम के कार्यालय में बैरसिया और गोविंदपुरा एसडीएम कार्यालय में नरेला विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामांकन लिए जाएंगे।

**नामांकन करने प्रत्याशी सहित जा सकेंगे सिर्फ पांच लोग-** कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालयों में नामांकन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन करने के दौरान प्रत्याशी अपने साथ सिर्फ पांच लोगों को ही ले जा सकेंगे।इन पांच लोगों में प्रत्याशी भी शामिल रहेगा। मतलब उसको छोड़कर सिर्फ चार ही लोग कार्यालय में जा सकेंगे।

### ले जा सकेंगे तीन वाहन, खड़े करने होंगे 100 मीटर दूर

नामांकन करने के लिए जाने वाले प्रत्याशी अपने साथ सिर्फ तीन ही वाहन ले जा सकेंगे। कार्यालयों में किसी तरह की भीड़ न हो और हंगामे की स्थिति निर्मित न हो। इस वजह से प्रत्याशियों को अपने वाहन नामांकन कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर ही खड़ा करना होंगे।

### डीएसपी स्तर के अधिकार को सुरक्षा का जिम्मा

नामांकन कार्यालयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।यहां पर चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनसे 24 घंटे निगरानी की जाएगी।इसके अलावा सुरक्षा का जिम्मा डीएसपी स्तर के अधिकारी के पास रहेगा।जिनके नेतृत्व में यहां पर निरीक्षक सहित अन्य पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### निर्दलीय प्रत्याशी को बताना होंगे 10 प्रस्तावक

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रत्याशी को सिर्फ एक ही प्रस्तावक बताना होगा। जबकि निर्दलीय विधायक प्रत्याशियों को 10 -10 प्रस्तावक बताना होंगे। तब ही उनका नामांकन स्वीकार किया जाएगा।जिले की सातों विधानसभा के नामांकन लेने के लिए एक-एक रिटर्निंग अधिकारी और एक -एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## ड्रिंक हिल बार में मिली थी अवैध बीयर, एक दिन के लिए लाइसेंस निलंबित

**भोपाल।** राजधानी के कटारा हिल्स इलाके में स्थित ड्रिंक हिल बार में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध बीयर बरामद करते हुए प्रकरण दर्ज किया था। मामला जब कलेक्टर न्यायालय में पेश किया तो कलेक्टर ने नोटिस जारी कर संचालक से जवाब मांगा था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। इससे कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी ने एक दिन के लिए बार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 अगस्त को ड्रिंक हिल रेस्तरां एंड बार में टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए बीयर की 63 बोतलें बरामद की थीं। इनके बारे में संचालक के पास कोई जानकारी नहीं थी।